आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
वर्ष-11 । अंक 145 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 30 मई, 2025

# बंगाल में मोदी बोले-पाकिस्तान समझ ले, 3 बार घुसकर मारा

## अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी; TMC नेता गरीबों से कट-कमीशन मांगते

**एजेंसी ● गंगटोक/कोलकाता**

पीएम मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। पीएम ने अपने भाषण में ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया।

पीएम ने कहा, 'पाकिस्तान समझ ले 3 बार घर में घुसकर मारा है। हम शक्ति को पूजने वाले लोग हैं। बंगाल टाइगर की धरती से 140 करोड़ भारतीयों का ऐलान है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।'

राज्य की सत्ताधारी पार्टी TMC पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि, केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

पीएम को आज तीन राज्यों में जाना था। सिक्किम दौरा रद्द होने के बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार पहुंचे। यहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। शाम को पीएम बिहार जाएंगे। शाम 5:45 बजे पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का इनॉगरेशन करेंगे। फिर रात में राजभवन में रुकेंगे।

**ऑपरेशन सिंदूर पर:** आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बता की उसके बाद बंगाल में बहुत गुस्सा था। उसको मैं समझता था आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाने का दुस्साहस किया। हमारी सेना ने उनको सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया। हमने आतंक के उन ठिकानों को तबाह किया। जिनकी पाकिस्तान ने कल्पना नहीं की थी। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी पॉजिटिव नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं तब से आतंक को पाला है। 1947 में बंटवारे के बाद से ही भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों बाद बांग्लादेश में आतंक फैलाया। पाक सेना ने बांग्लादेश में रेप किया मर्डर किया। उसे कोई नहीं भूल सकता। आंतक और नरसंहार पाकिस्तान की विशेषज्ञता है। सीधी लड़ाई में उनकी हमेशा हार होती है। यही कारण है पाकिस्तान की सेना आतंकियों को सहारा लेती है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया कि भारत पर अब आतंकी हमला हुआ तो दुश्मन को उसकी कीमत चुकानी होगी।



### टीएमसी के घोटालेबाजों ने सैकड़ों बेटे बेटियों को अंधकार में धकेल दिया

करप्शन का सबसे बुरा असर नौजवानों पर पड़ता है, गरीबों पर पड़ता है। ये चारों तरफ बर्बादी लाता है। ये हमने टीचर भर्ती घोटाले में देखा है। इस सरकार ने अपने शासन में हजारों टीचर का भविष्य बर्बाद कर दिया। टीएमसी के घोटालेबाजों ने सैकड़ों बेटे बेटियों को अंधकार में धकेल दिया है। ये सिर्फ कुछ हजार टीचर्स के साथ धोखा नहीं है बल्कि पूरे एजुकेशन सिस्टम को खराब कर दिया।

**TMC कट और कमीशन पर:** केंद्र की बीजेपी सरकार देशभर में गरीबों को पक्के घर दे रही, लेकिन यहां लाखों परिवारों का घर नहीं बन पा रहा है, क्योंकि टीमएसी के लोग इसमें भी गरीब के पास से कट और कमीशन की मांग कर रहे हैं।

**केंद्र की योजनाओं पर:** बंगाल की सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रही। आयुष्मान योजना का बंगाल में फायदा नहीं मिल रहा है। निर्मम सरकार ने बंगाल के अपने लोगों के आयुष्मान कार्ड देने ही नहीं दिया। यहां कई विश्वकर्मा भाई बहन लोग हैं। ये हाथ का हुनर रखते हैं। भाजपा इनके लिए विश्वकर्मा योजना लाई है। इसके तहत ट्रेनिंग, पैसा दिया गया है। लेकिन बंगाल में आठ लाख एप्लीकेशन अटकी पड़ी है निर्मम सरकार उस पर बैठ गई है। हमने पीएम जनमन योजना बनाई है। बंगाल में बहुत बड़ा आदिवासी समाज है TMC सरकार ने योजना को यहां लागू नहीं किया। इन्हें आदिवासी सम्मान की परवाह नहीं है। जब एनडीए ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार बनाया तो TMC विरोध करने वाली पहली पार्टी थी।

**बंगाल में 5 संकट पर:** आज बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआ है। पहला संकटः समाज में फैली हिंसा और अराजकता का है। दूसराः माताओं बहनों की असुरक्षा का है। उन पर हो रहे जघन्य अपराधों का है। तीसराः नौजवानों की बेरोजगारी का है। चौथाः करप्शन का है। पांचवां- गरीबों का हक छीनने वाली सत्ताधारी पार्टी का है। मुर्शिदाबाद और मालदा में जो कुछ हुआ है, वो यहां की सरकार की निर्ममता का उदाहरण है। गरीबों की पूंजी राख कर दी गई। तुष्टिकरण के नाम पर गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई। विधायक और कॉरपोरेटर लोगों के घरों को चिन्हित करके जलाते हैं। पुलिस तमाशा देखती है। मैं बंगाल की जनता से पूछता हूं कि क्या सरकारें ऐसे चलती हैं।

---

### प्रधानमंत्री पर ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी

# कहा- पीएम ऐसे बात कर रहे, जैसे हर महिला के पति हों

## मोदी सरकार घर-घर पहुंचाएगी सिंदूर

**एजेंसी ● कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ऐसे बात कर रहे हैं, जैसे हर महिला के पति हों। वे अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं देते? हालांकि मैं इस संबंध में बात नहीं करना चाहती, लेकिन आपने मुझे बोलने के लिए मजबूर कर दिया।



ममता बनर्जी ने कहा- सिंदूर का संबंध हर महिला से है। सिंदूर को पवित्र माना जाता है। महिलाएं इसे अपने पति के लिए लगाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मैं कोई कमेंट नहीं करना चाहती। हर महिला का सम्मान होता है।

दरअसल, PM मोदी ने गुरुवार को ही पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में करीब 32 मिनट का संबोधन दिया। इसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान, ममता सरकार के भ्रष्टाचार और केंद्र की नीतियों का जिक्र किया था। मोदी को आमने-सामने बहस करने की चुनौती दी CM ममता ने कहा कि पीएम मोदी को मैं आमने-सामने बहस करने की चुनौती देती हूं। इसमें कोई स्क्रिप्ट नहीं होगी और सवालों के जवाब तुरंत देने होंगे। आप चाहें तो अपना टेलीप्रॉम्प्टर भी लेकर आएं।

ममता ने PM मोदी से कहा कि आप मीडिया को कंट्रोल करते हैं और राजस्थान, बांग्लादेश और अन्य जगहों पर हुई घटनाओं का गलत इस्तेमाल करते हैं। वे बंगाल की फेक न्यूज फैलाते हैं। हर प्रदर्शन आपके नाम पर ही होता है। आप सेना के लिए कोई प्रोजेक्ट क्यों नहीं शुरू करते? आपको सिर्फ प्रचार चाहिए।

क्या ऑपरेशन सिंदूर की तरह 'ऑपरेशन बंगाल' भी करेंगे CM बनर्जी ने कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने आज जो कहा, उससे हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि यह सुनना दुर्भाग्यपूर्ण भी हैं। पूरा विपक्ष दुनिया के सामने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उन्होंने देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए एक साहसिक कदम उठाया है, लेकिन क्या पीएम मोदी और उनके नेताओं के लिए यह कहने का समय आ गया है कि वे 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरह 'ऑपरेशन बंगाल' भी करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो कल चुनाव लड़ें। मोदी तब पश्चिम बंगाल की आलोचना कर रहे हैं जब हम आतंकवाद के खिलाफ केंद्र का समर्थन कर रहे हैं।

---

## राहुल का मोदी को लेटर-पुंछ के लिए राहत पैकेज मांगा

### पाकिस्तान की गोलाबारी से नुकसान हुआ था; महाराष्ट्र में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**एजेंसी ● नई दिल्ली/श्रीनगर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर पुंछ और पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित अन्य इलाकों के लिए राहत पैकेज देने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से की गई फायरिंग से स्थानीय लोगों को जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार को इन इलाकों के लिए ठोस और तुरंत मदद पहुंचानी चाहिए।

उन्होंने लिखा कि जिन परिवारों ने अपने घर या परिजन खोए हैं, उन्हें आर्थिक मदद दी जाए और सरकार को पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

---

### कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर थरूर बोले

# मैंने सिर्फ आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया पर बात की

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में 2016 के उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर केंद्र सरकार की तारीफ की थी।



ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा सरकार का समर्थन करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचना का सामना कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने इस पर सफाई दी और कहा कि आलोचक और ट्रोल्स उनके विचारों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। हालांकि, उसने किसी का नाम नहीं लिया। थरूर ने X पर एक पोस्ट में लिखा- 'LoC के पार भारतीय वीरता के बारे में मेरी कथित अज्ञानता पर भड़कने वाले कट्टरपंथियों को मैं बताना चाहता हूं कि मैं स्पष्ट रूप से केवल आतंकवादी हमलों के प्रतिशोध के बारे में बोल रहा था, न कि पिछले युद्धों के बारे में। लेकिन हमेशा की तरह मेरे शब्दों और विचारों को तोड़ा-मरोड़ा गया।'

दरअसल, मंगलवार को थरूर ने पनामा में 2016 के उरी सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार की तारीफ की थी। उन्होंने कहा कि हाल के सालों में आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख बदला है। पहले ऐसा नहीं होता था। कांग्रेस नेता ने थरूर से पूछा- इतने बेईमान कैसे हो सकते हैं? थरूर के बयान पर कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने आपत्ति जताई थी। उन्होंने X पर पोस्ट में लिखा, 'मैं PM मोदी से कहूंगा कि वे आपको भाजपा का सुपर प्रवक्ता घोषित कर दें या भारत आने से पहले ही विदेश मंत्री घोषित कर दें। आप कांग्रेस के स्वर्णिम इतिहास को यह कहकर कैसे बदनाम कर सकते हैं कि PM मोदी से पहले भारत ने कभी भी LOC और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार नहीं की। जिस पार्टी ने आपको इतना कुछ दिया, उसके प्रति आप इतने बेईमान कैसे हो सकते हैं? उदित राज के अलावा भी कांग्रेस के कई नेता थरूर की आलोचना कर चुके हैं। थरूर ने 8 मई को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है। भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की। थरूर के इस बयान के बाद से ही कांग्रेस के कई नेता उनसे नाराज चल रहे हैं।

---

### एक्सपर्ट बोले- नए वैरिएंट पर मौजूदा वैक्सीन बेअसर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आज एक्टिव केसों की संख्या 1348 पहुंच गई। वहीं, मौतों की संख्या 15 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। उधर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT) कानपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि 2022 के बाद नए वैरिएंट की वजह से कोविड पेशेंट कई बार बढ़े हैं, लेकिन कोई गंभीर स्थिति नहीं देखी गई। मेरा अंदाजा है कि इस बार भी बहुत परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। वहीं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (BHU) के प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे के मुताबिक कोविड की चौथी लहर आती है तो उसका असर 21 से 28 दिन तक रहेगा। यह दूसरी लहर की तरह जानलेवा नहीं होगी। एक्सपर्ट बोले- नए वैरिएंट पर वैक्सीन का असर नहीं प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे का कहना है कि जिन लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया था, उन्हें भी सावधानी बरतने की जरूरत है।

---

### एयरफोर्स चीफ बोले- कॉन्ट्रैक्ट करते समय पता होता है, पूरा नहीं होगा; फिर ऐसे वादे क्यों करना

# एक भी डिफेंस प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को डिफेंस सिस्टम की खरीद और डिलीवरी में हो रही देरी पर कहा कि ऐसा एक भी प्रोजेक्ट नहीं है, जो समय पर पूरा हुआ हो। ये सोचने वाली बात है कि हम ऐसा वादा क्यों करते हैं, जिसे पूरा ही नहीं किया जा सकता। कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं होगा, फिर भी साइन कर देते हैं, जिससे पूरा सिस्टम खराब हो जाता है।

यह पहला मौका है जब किसी सेना प्रमुख ने सिस्टम पर इस तरह से सवाल उठाया हो। CII एनुअल बिजनेस समिट में एयर चीफ मार्शल ने कहा;- टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। समय से डिफेंस प्रोजेक्ट पूरा न होने की वजह से ऑपरेशनल तैयारी पर असर पड़ता है।



इससे पहले 8 जनवरी को भी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने तेजस लड़ाकू विमानों की डिलीवरी में हो रही देरी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि 40 जेट अभी तक फोर्स को नहीं मिले हैं। जबकि चीन जैसे देश अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं।

तेजस, AMCA और Mk2 की डिलीवरी भी लेट है एयर चीफ ने बताया कि फरवरी 2021 में HAL के साथ तेजस MK1A फाइटर जेट के लिए 48,000 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया गया था। डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन आज तक एक भी विमान नहीं आया। तेजस MK2 का प्रोटोटाइप भी अभी तक तैयार नहीं हुआ है। एडवांस्ड स्टेल्थ फाइटर AMCA का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है।

आज की जरूरत आज ही पूरी करनी होगी एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि हमें आज के लिए तैयार रहना होगा, तभी भविष्य के लिए भी तैयार हो सकेंगे। आने वाले 10 साल में इंडस्ट्री से ज्यादा आउटपुट मिलेगा, लेकिन जो जरूरत आज है, वो आज पूरी होनी चाहिए।

हम सिर्फ भारत में मैन्युफैक्चरिंग के बारे में बात नहीं कर सकते। हमें डिजाइनिंग के बारे में भी बात करनी होगी। हमें सेना और इंडस्ट्री के बीच भरोसे की जरूरत है। हमें बहुत खुलापन दिखाने की जरूरत है। एक बार जब हम किसी चीज के लिए प्रतिबद्ध हो जाते हैं, तो हमें उसे पूरा करना चाहिए।

#### ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय जीत है

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं। हर दिन, नई टेक्नालॉजी आ रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें ये बताया कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए। इसलिए हमें बहुत काम करने की जरुरत है, तभी हम भविष्य में भी अपने मकसद को हासिल करने में सक्षम होंगे। एयर चीफ ने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और ताकत का प्रतीक है। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए।

---

### मध्यप्रदेश से तीन नई ट्रेन- रीवा से पुणे, जबलपुर से रायपुर और ग्वालियर से बंगलुरु के बीच चलेंगी

# रतलाम-नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना मंजूरी बड़ी सौगात : सीएम डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में रेल सुविधाओं के विकास और रेल नेटवर्क के विस्तार को गति प्रदान करने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी तरह संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। वर्तमान में देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में रेल से अच्छा यातायात का कोई अन्य साधन नहीं है। इस नाते केंद्र सरकार रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाते हुए प्रदेश में अलग-अलग रेलवे ट्रैक को विस्तार दे रही है। इसी क्रम में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने रतलाम से नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना को स्वीकृति दी है जो मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे मालवा अंचल में न सिर्फ रेल कनेक्टिविटी बढ़ेगी बल्कि अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई रेल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्निनी वैष्णव का आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रेल परियोजनाओं की स्वीकृति से संबंधित प्रेस वार्ता में पन्ना से वर्चुअली जुड़े।



**रतलाम-नागदा परियोजना से प्रतिवर्ष बचेगा 7.5 करोड़ लीटर डीजल**

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि रतलाम से नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने से प्रतिवर्ष 7.5 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी। रतलाम-नागदा मल्टीट्रैकिंग परियोजना से पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। इससे 38 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका जा सकेगा। कार्बन उत्सर्जन के लिहाज से देखा जाए तो यह 1.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर परियोजना है। वर्चुअल कार्यक्रम में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, वरिष्ठ सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

#### मध्यप्रदेश को मिलेगी तीन नई रेल गाड़ियों की सौगात

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि मध्यप्रदेश को जल्द ही तीन नई ट्रेनों की सौगात भी मिलने जा रही है। इनमें पहली ट्रेन रीवा-सतना-जबलपुर-पुणे, दूसरी ट्रेन जबलपुर से रायपुर वाया नैनपुर-गोंदिया और तीसरी ट्रेन ग्वालियर-भोपाल-पुणे-बंगलुरु शामिल हैं। दो महीने पहले नई दिल्ली से डॉ. अंबेडकर नगर (महू) के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू हो चुकी है।

#### सिंहस्थ के लिए प्रयागराज की तर्ज पर विकसित करेंगे रेल सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने प्रदेश में प्रारंभ नई रेल परियोजनाओं से बड़ी संख्या में रेल उपयोगकर्ता लाभान्वित होंगे। विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने और सिंहस्थ-2028 की दृष्टि से छोटे-छोटे अंडरपास तैयार करना आवश्यक हैं। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि सिंहस्थ के भव्य आयोजन के लिए प्रयागराज की तर्ज पर उज्जैन तक रेल सुविधाओं का विकास कार्य होगा।

#### दो प्रांतों के लगभग बीस लाख नागरिक होंगे लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडलीय आर्थिक मामलों की समिति ने बुधवार को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के लिए 2 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं की मंजूरी दी। परियोजना की अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपए है। इन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं के अंतर्गत रतलाम से नागदा के मध्य तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का कार्य होगा। वहीं महाराष्ट्र में वर्धा से बल्हारशाह तक चौथी रेल लाइन बिछाई जाएगी। इन दोनों मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं के पूर्ण होने पर भारतीय रेल नेटवर्क में लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तार होगा। लगभग 784 गांवों में निवासरत 19.74 लाख नागरिकों तक रेलवे संपर्क सुविधा पहुंचेगी। इससे यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध यात्रा का लाभ मिलेगा। साथ ही वस्तुओं के परिवहन कार्य को भी गति मिलेगी।

### माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मध्यप्रदेश को दी तीन नई रेल गाड़ियों की सौगात

# पीएम योजना के तहत मप्र को मिली नई रेलवे परियोजनाएं

**संवाददाता ● भोपाल**

आज मध्यप्रदेश के रेलवे नेटवर्क को सशक्त बनाने हेतु केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं की जानकारी एक विशेष प्रेस वार्ता में साझा की गई। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में मध्यप्रदेश को रेल अधोसंरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति मिलने जा रही है। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मध्य प्रदेश में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए तीन नई रेलगाड़ियों की सौगात दी है।

**योजना**

**रीवा - पुणे एक्सप्रेस** : यह नई ट्रेन रीवा से जबलपुर होते हुए पुणे तक चलाई जाएगी। इससे विंध्य क्षेत्र से महाराष्ट्र की ओर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

**जबलपुर - रायपुर एक्सप्रेस** : यह सेवा जबलपुर से नैनपुर और गोंदिया होते हुए रायपुर तक चलेगी, जिससे महाकौशल और छत्तीसगढ़ के बीच यात्री आवागमन में सुविधा और तीव्रता आएगी।










**ग्वालियर - केएसआर बेंगलुरु सिटी एक्सप्रेसः** यह ट्रेन ग्वालियर से गुना और भोपाल होते हुए बेंगलुरु तक संचालित की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश से दक्षिण भारत के बीच सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी।

इन तीनों नई रेलगाड़ियों के शुरू होने से मध्य प्रदेश के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, यात्रा अधिक सुगम होगी और प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत मध्यप्रदेश में चार प्रमुख रेलवे परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 565 किलोमीटर है और कुल लागत 24,208 करोड़ आंकी गई है। इन परियोजनाओं में शामिल हैं।

**मनमाड** : इंदौर नई रेल लाइन (309 किमी, 18,036 करोड़) – इंदौर, धार, खरगोन एवं बड़वानी जिलों को महाराष्ट्र के नासिक एवं धुले जिलों से जोड़ेगी।

## इस परियोजना के अंतर्गत कुल 6 स्टेशन

रतलाम जंक्शन, बैंगरोड, रनखेड़ा, खाचरोद, बेरावन्या और नागदा जंक्शन शामिल होंगे। 70 फुट ओवर ब्रिज, 5 बड़े पुल, 3 रेलवे ओवरब्रिज एवं 15 अंडरब्रिज बनाए जाएंगे। "कवच" जैसी आधुनिक सिग्नल प्रणाली एवं 160 किमी प्रति घंटे की गति क्षमता से यह मार्ग सुसज्जित किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से अनुमानित 28 लाख मानव-दिवस का प्रत्यक्ष रोजगार सृजन होगा तथा CO2 उत्सर्जन में पहले ही वर्ष लगभग 38 करोड़ किलोग्राम की कमी आएगी, जो लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों के बराबर है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश डॉ. मोहन यादव ने कहा कि "मध्यप्रदेश की धरती पर रेल अधोसंरचना के इस नए युग की शुरुआत विकास की नई रफ्तार को दर्शाती है। इन परियोजनाओं से प्रदेश के जनजीवन को गति मिलेगी, और औद्योगिक, कृषि एवं पर्यटन क्षेत्रों में भी व्यापक प्रगति होगी। हम प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री जी के इस विशेष योगदान के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हैं।" माननीय रेल मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह सभी परियोजनाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को आत्मनिर्भर एवं तेजगति से विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

**भुसावल** : खंडवा तीसरी और चौथी रेल लाइन (131 किमी, 3,514 करोड़) – माल परिवहन की क्षमता को दोगुना करने की दिशा में एक बड़ा कदम।

**प्रयागराज (इरादतगंज)** : माणिकपुर तीसरी रेल लाइन (84 किमी, 1,640 करोड़) : मध्यप्रदेश के रीवा क्षेत्र को उत्तरप्रदेश के चित्रकूट और प्रयागराज से जोड़ेगी।

**रतलाम** : नागदा तीसरी और चौथी रेल लाइन (41 किमी, 1,018 करोड़) – यह परियोजना पश्चिम तट के पोर्ट्स से संपर्क बढ़ाने में सहायक होगी।

**रतलाम नागदा** : खंड की विशेष चर्चा करते हुए माननीय रेल मंत्री ने बताया कि यह खंड चारों दिशाओं में प्रमुख संपर्क बिंदु है। परियोजना के तहत रतलाम से नागदा तक की 41 किलोमीटर दूरी को चार लाइनों में परिवर्तित किया जाएगा, जिससे इस मार्ग पर लाइन उपयोगिता दर 116% से घटकर 65% रह जाएगी। इससे न केवल पश्चिम तटीय बंदरगाहों जैसे कांडला, मुंद्रा, पिपावाव, हजीरा, दहेज आदि से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को भी तीव्र लाभ मिलेगा।

## शॉट न्यूज

### बारिश के मौसम में रखें इन बातों का ध्यान

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि बारिश के दौरान कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखा जाए तो कई तरह के व्यवधानों से बचा जा सकता है। घर में एम. सी. बी. (मिनियेचर सर्किट ब्रेकर) स्वीच जरूरी लगाना चाहिए, जिससे घर की बिजली प्रवाह में कोई गड़बड़ी होने पर बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है और जानमाल की हानि को टाला जा सकता है। हर घर में अर्थिंग होना चाहिए जिसकी समय-समय पर जांच करना चाहिए। जहां पर बिजली उपकरण रखे हैं वहां पर सीलन नहीं होनी चाहिए। उनकी वायरिंग गीली जगह पर नहीं होना चाहिए। इसे सुरक्षित होना चाहिए। पशुपालक किसान भाई बारिश के मौसम में इस बात का विशेष ध्यान रखें कि अपने पशुओं को बिजली के खम्बों तथा स्टे वायर से नहीं बांधना चाहिए। आंधी तूफान के कारण कई जगह बिजली के तार टूटकर रास्ते पर आ जाते हैं।

### टीवीएस ने लॉन्च किया जुपिटर 125 डुअल टोन

**बेंगलुरु।** दुनिया की प्रमुख टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनियों में से एक, टीवीएस मोटर कंपनी ने आज अपने लोकप्रिय स्कूटर लाइन-अप में नया मॉडल जुपिटर 125 डुअल टोन SmartXonnect (SXC) लॉन्च किया है। यह नया वैरिएंट कंपनी के वादे "हर 125cc स्कूटर से ज़्यादा" को और मजबूत बनाता है ज़्यादा स्टाइल, ज़्यादा फीचर्स और ज़्यादा वैल्यू। इस स्कूटर को खासतौर पर उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रोज़मर्रा के आवागमन में स्टाइल और स्मार्ट फीचर्स चाहते हैं। यह स्कूटर दो आकर्षक डुअल-टोन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है – आइवरी-ब्राउन और आइवरी ग्रे, जो अर्बन इंडिया की प्रीमियम पसंद को दर्शाते हैं। लॉन्च पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, श्री अनिरुद्ध हाल्दार ने कहा, "आज का ग्राहक सिर्फ स्कूटर नहीं खरीदता, बल्कि अपनी प्रगति का प्रतीक चुनता है।

### फ्लैट पर पुलिस का छापा, क्रिकेट सट्टा पकड़ाया

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोबाइल फोन कंप्यूटर और अन्य सामान के अलावा हिसाब किताब का रजिस्टर भी बरामद किया है। पुलिस कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहर में अवैध रूप से सट्टे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए इसी के चलते राजेंद्र नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रेजर टाउन बिजलपुर में स्थित अपार्टमेंट के एक फ्लैट में क्रिकेट का सट्टा खाया जा रहा है। उप निरीक्षक विकास शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए फ्लैट पर छापा मारा तो आरोपियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने यहां से अनुराग पिता किशन कुमार दलाल निवासी पश्चिम दिल्ली हाल मकान ट्रेजर विहार कॉलोनी सिद्धार्थ राय निवासी श्याम विहार दिल्ली और अन्य को गिरफ्तार किया है।

### सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में

# 10 गौरवशाली वर्षों की उत्कृष्टता का जश्न मनाया

**संवाददाता ● गुरुग्राम**

भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सोलर मॉड्यूल निर्माण कंपनियों में से एक, सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (SGEL) आज अपनी स्थापना के 10 गौरवशाली वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है। 29 मई 2015 को स्थापित सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने भारत के सौर ऊर्जा क्षेत्र में एक मजबूत स्थान बना लिया है। सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 'सात्विक ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' के रूप में शामिल किया गया था। बाद में इसे एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में बदला गया, जिसके लिए बोर्ड ने 20 सितंबर 2024 और शेयरधारकों ने 21 सितंबर 2024 को प्रस्ताव पारित किए। इसके बाद कंपनी का नाम बदलकर "सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड" कर दिया गया।

**जश्न**

सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अब तक भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 2.00 गीगावॉट से अधिक हाई-एफिशिएंसी सोलर पीवी मॉड्यूल्स की आपूर्ति की है। यह कंपनी न केवल मॉड्यूल निर्माण, बल्कि इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) सेवाओं में भी अग्रणी है। वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी की EPC स्थापित क्षमता 69.12 मेगावॉट रही। साथ ही, कंपनी EPC परियोजनाओं के तहत ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस सेवाएं भी प्रदान करती है।

कंपनी की अब तक की यात्रा और भविष्य की दिशा पर टिप्पणी करते हुए सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सीईओ श्री प्रशांत माथुर ने कहा: "सेल निर्माण में बैकवर्ड इंटीग्रेशन की हमारी पहल हमारे दीर्घकालिक विकास और स्थिरता लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी अपनी विनिर्माण क्षमता का विस्तार कर रही है और इसके तहत ओडिशा में एक एकीकृत सेल और मॉड्यूल निर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना है। यह नई सुविधा 4.80 गीगावॉट की सेल लाइन निर्माण क्षमता के साथ आएगी, जिसके वित्तीय वर्ष 2027 तक चालू होने की उम्मीद है; जबकि 4.00 गीगावॉट की मॉड्यूल उत्पादन क्षमता वाले संयंत्र के वित्तीय वर्ष 2026 तक चालू होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की योजना मध्य प्रदेश के मोहासा-बाबई में इंगॉट्स, सेल्स और वेफर्स के निर्माण के लिए भी एक निर्माण सुविधा स्थापित करने की है।"

सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नीलेश गर्ग ने कहा, 'हम भारत और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में अपनी पहुंच को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम इनोवेटिव और किफायती सोलर समाधान प्रदान कर नए बाजारों में प्रवेश करें और मौजूदा बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करें।

## कायस्थम आयोजित करेगा शरद श्रीवास्तव के फोटोग्राफ की दो दिवसीय प्रदर्शनी

**भोपाल।** कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संस्था के फोटोग्राफर शरद श्रीवास्तव के बोलते छायाचित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। 'नशा छोड़ो घर जोड़ो' के तहत आयोजित यह प्रदर्शनी 30 और 31 मई को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार पांडुलिपि स्मारक संग्रहालय (साढ़े छह नंबर) में आयोजित होगी। प्रदर्शनी का शुभारंभ 30 मई को शाम 4 बजे सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी और पूर्व सांसद आलोक संजर करेंगे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 31 मई को सायं 4.30 बजे प्रदर्शनी का समापन करेंगे। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ पत्रकार और कायस्थम के संरक्षक महेश श्रीवास्तव भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। दोनों दिन प्रदर्शनी का समय शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक का रहेगा। प्रदर्शनी का अवलोकन करने अनेक विशिष्टजन आएंगे। कायस्थम ने सभी से अनुरोध किया है कि नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ कायस्थम द्वारा उठाए गए कदम में भागीदार बने और प्रदर्शनी का अवलोकन करने अवश्य आएं। कोई भी नशा, तंबाकू या सिगरेट, शराब का सेवन समाज के ऊपर कलंक है। कायस्थम इस कलंक को धोना चाहता है। इसके लिए शरद श्रीवास्तव के फोटोग्राफ समाज को तंबाकू और अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने की प्रेरणा देते है। कायस्थम की सचिव डॉ.रश्मि सक्सेना ने बताया कि कायस्थम द्वारा अपने उद्देश्यों में सामाजिक और रचनात्मक कार्यों को भी शामिल किया गया है। इसी उद्देश्य के तहत यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

### सही मायने में आपसी जुड़ाव को बढ़ावा देने की एक पहल

## जूनो ने मानसिक सेहत के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कैंपेन की शुरुआत की

**संवाददाता ● मुंबई**

, 29 मई, 2025: जूनो जनरल इंश्योरेंस नए जमाने की डिजिटल बीमा कंपनी है, जिसने आज दिल को छू लेने वाले 'Say Hi' कैंपेन की शुरुआत की है, जो हमें एक छोटी सी पहल की ताकत की याद दिलाता है - खासकर आज की भागदौड़ भरी, अत्यधिक-डिजिटल दुनिया में, जहाँ गहरे रिश्ते अक्सर पीछे छूट जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता माह के उपलक्ष्य में शुरू किया गया ये कैंपेन लोगों को कुछ पल ठहरने, रिश्तों में जुड़ाव में नयापन लाने और बस एक प्रभावशाली शब्द, 'Hi' कहकर अपने आसपास के लोगों का हाल-चाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**पहल**

जब ज़िंदगी स्क्रॉल और स्वाइप की रफ्तार से आगे बढ़ रही हो, तो अक्सर सच्चे रिश्ते पीछे छूट सकते हैं और अनकहे दुख नज़रअंदाज़ हो जाते हैं। हम संदेशों को बिना पढ़े छोड़ ही देते हैं, हाल-चाल पूछने के मौके गंवा देते हैं, या जो लोग हमारे जीवन में मायने रखते हैं हम उनसे दोबारा संपर्क करना भूल जाते हैं। कभी-कभी, हम हर दिन जिन लोगों के पास से गुज़रते हैं, वे बड़ी खामोशी से मुश्किलों का सामना कर रहे होते हैं। 'Say Hi' कैंपेन बेहद सरल लेकिन गहरे विचारों पर आधारित है: कि किसी से जुड़ना - सिर्फ 'Hi' कहकर भी - व्यक्ति के ठीक होने, उसे दिलासा देने या कारगर बातचीत शुरू करने का रास्ता खोल सकता है।

हर स्क्रीन या खामोशी के पीछे कोई ऐसा व्यक्ति हो सकता है, जो



अपनी बातों को सुने और देखे जाने की आस लगाए बैठा हो। जूनो का ये नया कैंपेन, 'Say Hi' हमें याद दिलाता है कि एक छोटी सी पहल भी बड़ा बदलाव ला सकती है।

जूनो जनरल इंश्योरेंस के वाइस प्रेसिडेंट एवं मार्केटिंग प्रमुख, केतन मनकीकर ने कहा, 'जूनो में 'इज़ी, ब्रीज़ी, श्योरली' सिर्फ़ ब्रांड की ओर से किया गया वादा नहीं है, बल्कि हमारे लिए यह जीने का तरीका है। हम सिर्फ़ बीमा के ज़रिए ही नहीं, बल्कि सच्चे, इंसानी रिश्तों को बढ़ावा देकर ज़िंदगी को थोड़ा आसान बनाने के लिए हर पल आपके साथ हैं। हमारे ब्रांड का सिग्नेचर आउटरीच सिंबल जुड़ाव को दर्शाता है, और ये कैंपेन हमारी उसी सोच को साकार करता है। दावों की प्रक्रिया को सरल बनाने से लेकर लोगों तक पहुँचने तक, जूनो मुश्किल चीज़ों को थोड़ा आसान बनाने के इरादे पर अटल है, जिसमें मानसिक सेहत के बारे में बात करना भी शामिल है।

ये कैंपेन रोज़मर्रा की उन परिस्थितियों को दर्शाता है, जहाँ ऑफिस में साथ काम करने वाले लोगों, पुराने दोस्तों और यहाँ तक कि परिवारों के भीतर भी रिश्तों में धीरे-धीरे दूरी आ जाती है, जिसे थंब-स्टॉपर वीडियो और रील्स के ज़रिए दिखाया गया है। लोगों का ध्यान खींचने और उन्हें सोचने पर मजबूर करने के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर इस कैंपेन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### भारत में इंफ्रा पर खर्च बढ़ने से पीएनसी इंफ्राटेक के चेयरमैन को कंपनी की वृद्धि पर भरोसा

## कंपनी ने एक्सचेंजों पर लिस्टिंग के बाद से 10 सफल वर्ष पूरे किए

**संवाददाता ● मुंबई**

पीएनसी इंफ्राटेक लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार जैन ने एक्सचेंजों पर कंपनी के सूचीबद्ध होने के दस साल पूरे होने पर शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कंपनी की विकास गति पर विश्वास व्यक्त किया। जैन ने कहा, '2015 में सूचीबद्ध होने के बाद से हमने सभी मोर्चों पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। स्टॉक प्रदर्शन, राजस्व, लाभप्रदता और ऑर्डर बुक की मजबूती। सूचीबद्ध होने के बाद से कंपनी के शेयर में 3.7 गुना वृद्धि हुई है। राजस्व 19.4% की सीएजीआर की दर से 1,561 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,699 करोड़ रुपये हो गया है।' कंपनी की वृद्धि और लाभप्रदता पर प्रकाश डालते हुए जैन ने जोर देकर कहा कि पीएनसी इंफ्राटेक का एबिट्डा 21.8% सीएजीआर के साथ 217 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,277 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी का कर के बाद का लाभ 26.8% की सीएजीआर (वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2024 की अवधि में) के साथ 100 करोड़ रुपये से बढ़कर 850 करोड़ रुपये हो गया है।

**भरोसा**

जैन ने कहा, 'चालू वित्त वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और 31 दिसंबर 2024 तक निष्पादन के तहत कांट्रैक्ट का शेष मूल्य 18,900 करोड़ रुपये से अधिक है, जो वित्त वर्ष 24 के राजस्व का 2.4 गुना से अधिक है। पीएनसी इंफ्राटेक के पास लॉन्ग टर्म लोन के लिए केयर एए+ और शॉर्ट टर्म लोन के लिए केयर ए1+ क्रेडिट रेटिंग के साथ एक स्थिर क्रेडिट प्रोफाइल भी है।'

जैन ने कहा, 'अब तक कंपनी ने 13 राज्यों में 90 से अधिक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है, जिनमें सड़क, राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल, फ्लाईओवर, हवाई अड्डे के रनवे और अन्य फुटपाथ और औद्योगिक क्षेत्र विकास परियोजनाएं शामिल हैं।' कंपनी की परिचालन प्रगति पर प्रकाश डालते हुए जैन ने कंपनी द्वारा तेजी से परियोजना निष्पादन का एक उदाहरण साझा किया। उन्होंने कहा, 'परिचालन दक्षता का एक प्रमाण कंपनी का रिकॉर्ड है, जिसने 100 घंटे में 50.03 लेन किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 42,666 मीट्रिक टन बिटुमिनस मिश्रण की उच्चतम मात्रा का रिकॉर्ड बनाया है, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स दोनों द्वारा मान्यता प्राप्त है। कंपनी को मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज से 'सुपर स्पेशल' श्रेणी का प्रमाणन भी मिला है।' जैन ने भरोसा जताया कि कंपनी के लिए अभी भी सबसे अच्छा समय आना बाकी है। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए सरकार के प्रयासों से अभी भी सबसे अच्छा समय आना बाकी है। केंद्रीय बजट 2025-26 में बुनियादी ढांचे के लिए पूंजी निवेश परिव्यय को बढ़ाकर 11.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।'

### ग्लाइडर से लेकर माइक्रोस्कोप तक, बच्चों ने सीखी व्यवहारिक विज्ञान की बारीकियाँ

# समर कैंप 2025 में विज्ञान-नवाचार की अनोखी उड़ान

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (MPCST), भोपाल में चल रहे समर कैंप 2025 की शुरुआत 27 मई को एक रोमांचक ग्लाइडर मेकिंग वर्कशॉप के साथ हुई, और अगले ही दिन बच्चों ने खुद का माइक्रोस्कोप बनाकर विज्ञान की सूक्ष्म दुनिया में भी कदम रखा। दो दिनों की इन गतिविधियों ने बच्चों को न केवल विज्ञान का व्यावहारिक अनुभव दिया, बल्कि नवाचार और रचनात्मकता की दिशा में भी प्रेरित किया।

**मदद**

ग्लाइडर मेकिंग वर्कशॉप का उद्घाटन MPCST के कार्यकारी निदेशक डॉ. विवेक कटारे द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को मिशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे भारत ने UAV (ड्रोन) और मिसाइल तकनीक की मदद से यह उपलब्धि हासिल की। डॉ. कटारे ने बच्चों को विज्ञान की दुनिया में निरंतर प्रयोग और जिज्ञासा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।







इस कार्यशाला में भोपाल के विभिन्न विद्यालयों से आए 25 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने ग्लाइडर के सिद्धांतों को समझा, स्वयं उन्हें बनाया और उन्हें उड़ाकर विज्ञान को सजीव रूप में अनुभव किया।

28 मई को समर कैंप की दूसरी कार्यशाला में छात्रों ने सरल संसाधनों से माइक्रोस्कोप बनाना सीखा। इसके बाद उन्होंने MPCST परिसर से फूलों की पंखुड़ियाँ, बीज, पत्तियाँ और बीटल्स जैसे छोटे कीटों को इकट्ठा कर स्लाइड्स बनाई और उन्हें माइक्रोस्कोप से देखा। बच्चों के चेहरों पर आश्चर्य और उत्साह झलक रहा था जब उन्होंने पहली बार किसी फूल की संरचना या कीटों के पंख इतने करीब से देखे। दोनों कार्यशालाओं का सफल संचालन Centre for Creative Learning, MPCST, Bhopal की टीम पंकज गोदारा, करण सिंह भिंडे, बृजमोहन, अंजली पांडे, सुनील नायर और नीलू काछी द्वारा किया गया। उनकी मार्गदर्शना में बच्चों ने रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को गहराई से समझा। समर कैंप 2025 के आगामी दिनों में और भी रोचक गतिविधियाँ जैसे रोबोट बनाना,अनुवांशिक की दुनिया , इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोजेक्ट्स और बहुत कुछ आयोजित की जाएँगी, जिनका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, खोज की भावना और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। आगे भी समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। जिनकी जानकारी काउंसिल की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

## बदलता शहर: टर्मिनल का नाम होगा मां अहिल्या- मंत्री विजयवर्गीय

# टेंपो वाला इंदौर अब मेट्रो पर दौड़ेगा

संवाददाता ● इंदौर



इंदौर में अब टेंपो की जगह मेट्रो सेवा शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल में मां अहिल्या की 300वीं जयंती समारोह में इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मेट्रो से जुड़ी कई बड़ी घोषणाएं कीं। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि पहली यात्रा में सभी यात्री महिलाएं होंगी, जिसमें महिला सफाईकर्मियों और आईटी सेक्टर की महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा ताकि यह समानता का प्रतीक बने। साथ ही, मुख्य टर्मिनल का नाम मां अहिल्या टर्मिनल रखा जाएगा। मेट्रो सेवा शुरू होने के पहले सप्ताह में यात्रियों के लिए सफर पूरी तरह से मुफ्त रहेगा। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब वे इंदौर के महापौर थे, तब शहर में टेंपो सेवा चलती थी। उन्होंने खुद भी कार खराब होने पर टेंपो से सफर किया है। अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में मेट्रो सेवा शुरू हो रही है, जो शहर के विकास का बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना विकसित भारत 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में फ्लाइंग टैक्सी जैसी उन्नत परिवहन तकनीकें भी इंदौर में चलने लगेंगी। इस योजना से शहर के लोगों को बेहतर और सुविधाजनक परिवहन सेवा मिलेगी।

**समारोह**

### मेट्रो किराया और छूट की विस्तृत योजना

इंदौर मेट्रो का किराया भी तय कर दिया गया है। स्टेशन संख्या 1 से 2 तक का किराया 20 रुपए, 3 से 5 स्टेशन के लिए 30 रुपए, 6 से 8 के लिए 40 रुपए, 9 से 11 के लिए 50 रुपए, 12 से 14 के लिए 60 रुपए और 15 से अधिक स्टेशन के लिए 80 रुपए निर्धारित किया गया है। मेट्रो सेवा के पहले सप्ताह यात्रा मुफ्त रहेगी। इसके बाद दूसरे सप्ताह में 75 फीसदी, तीसरे सप्ताह में 50 फीसदी और चौथे सप्ताह से तीन महीने तक 25 फीसदी की छूट दी जाएगी। मेट्रो सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलेगी और हर 30 मिनट में एक ट्रेन चलेगी। फिलहाल यह गांधीनगर से टीसीएस चौराहे तक 5.5 किमी के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर दौड़ेगी, जिसमें पांच स्टेशन होंगे।

### पहला चरण और भविष्य की योजनाएं

मेट्रो के पहले चरण में कुल 17.5 किमी की दूरी तय होगी। पहला सुपर प्रायोरिटी चरण गांधीनगर से टीसीएस तक 5.5 किमी की दूरी का है। दूसरा हिस्सा टीसीएस से रेडिसन होते हुए रोबोट चौराहे तक 12 किमी लंबा है। दूसरे चरण में रोबोट चौराहे से रीगल तक 5.5 किमी और रीगल से गांधीनगर तक 8.5 किमी मेट्रो दौड़ेगी। पहले और दूसरे चरण को मिलाकर कुल 31.5 किमी में मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी। इस परियोजना की लागत लगभग 7500 करोड़ रुपए है। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि छह महीने में मेट्रो रेडिसन चौराहे तक विस्तार करेगी और सिंहस्थ के पहले उज्जैन तक मेट्रो सेवा का विस्तार करने का लक्ष्य है।

## शॉट न्यूज

### शादी का झांसा देकर दलित महिला से किया दुष्कर्म

इंदौर। महू इलाके में एक दलित महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना सामने आई हैं। पुलिस ने 32 वर्षीय पीड़िता निवासी धार नाका महू की रिपोर्ट पर अजीत पिता वीरेंद्र सिंह तोमर निवासी महू गांव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि 25 जून 2021 को आरोपी अजीत तोमर से उसकी एक कार्यक्रम में जान पहचान हुई और फिर अजीत ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। पीड़िता में शादी का दबाव बनाया तो अजीत ने उसके साथ मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों से गालियां देते हुए कहा कि अगर तूने रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार दूंगा।

### बारिश का पानी बचाने के लिए बड़े फैसले

इंदौर। नगर निगम ने जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को व्यापक रूप से अपनाने का अभियान शुरू किया है। इस पहल के अंतर्गत नगर निगम ने वर्षा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने और तकनीकी सहायता देने की रणनीति बनाई है। इसी कड़ी में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में शहर के कॉलोनाइजर और क्रेडाई संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।निगमायुक्त वर्मा ने निर्माणाधीन और पहले से निर्मित कॉलोनियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से स्थापित करने पर जोर दिया। नई कॉलोनियों के साथ-साथ खुले प्लॉट्स और भवनों में भी वर्षा जल संग्रहण एवं भू-जल पुनर्भरण के लिए वाटर रिचार्ज सॉफ्ट सिस्टम लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

### हर्ष फायर करने वाले तीन पर केस

इंदौर। देहात इलाके में एक शादी समारोह के दौरान कोल्ड स्टोरेज में हर्ष फायर करने वाले दो भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। बदगोंदा पुलिस के मुताबिक प्रभात कोल्ड स्टोरेज की है। पुलिस ने बताया कि 17 मई को यहां एक शादी समारोह का आयोजन किया गया जहां कुछ लोगों ने हास फायर किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने इसके आधार पर आरोपी आजाद सिंह पिता लखन सिंह ठाकुर इसका भाई अर्जुन ठाकुर और राजवीर पिता रामसर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक खान ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में डर का वातावरण बना हुआ है। कोई भी व्यक्ति ने इस मामले में शिकायत नहीं की है।

## कॉलोनियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होगा जरूरी : निगमायुक्त

### जल गंगा संवर्द्धन अभियान को लेकर बैठक

संवाददाता ● इंदौर



इंदौर नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु शहर में व्यापक स्तर पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाने के लिए अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा शहर के कॉलोनाइजर एवं क्रेडाई संस्था के प्रतिनिधियों के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त अभिलाषा मिश्रा, नागेन्द्र सिंह भदौरिया, सत्येन्द्र राजपूत, टीना सिसोदिया सहित शहर के प्रमुख कालोनाइजर और क्रेडाई संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**बैठक**

बैठक के दौरान आयुक्त वर्मा ने निर्माणाधीन और निर्मित कालोनियों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से स्थापित करने पर बल दिया। उन्होंने कालोनाइजर एवं क्रेडाई संस्था के प्रतिनिधियों से कहा कि वे नई कालोनियों के साथ-साथ ओपन प्लॉट्स व भवनों में भी वर्षा जल संग्रहण एवं भू-जल पुनर्भरण के लिए 'वॉटर रिचार्ज सॉफ्ट' सिस्टम जरूर लगाए जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। आयुक्त वर्मा ने बताया कि इंदौर शहर की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण और उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग न केवल जल संकट को कम करेगा, बल्कि भविष्य के लिए एक स्थायी समाधान भी सिद्ध होगा। इस दिशा में जन जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर निगम, कालोनाइजर, क्रेडाई संस्था एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में निगम के माध्यमसे रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के तहत भूल जल संरक्षण कार्य में आवश्यक तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा।

## संपदा-2 सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री में कई दिन बाद के मिल रहे स्लॉट

इंदौर। संपत्ति की रजिस्ट्री करने वालों की समस्या और परेशानी को कम करने के लिए तैयार किया संपदा-2 सॉफ्टवेयर अब परेशान कर रहा है। बताया जा रहा है कि पहले तो इस सॉफ्टवेयर में रजिस्ट्री करने के लिए स्लॉट कई दिनों बाद के मिल रहे हैं वहीं जिस दिन स्लॉट मिलता है अधिकतर लोग उस दिन लिंक फेल होने की समस्या से परेशान हैं। न सिर्फ लोग परेशान है बल्कि अधिकारी भी इस परेशानी से दो-चार हो रहे हैं। हालांकि कोई भी कर्मचारी इस बारे में कुछ भी खुलकर कहने को तैयार नहीं है। जानकारी अनुसार रजिस्ट्री के लिए तैयार किया गया संपदा-2 सॉफ्टवेयर के कारण वेंडर, आम जनता, वकील आदि को परेशान होना पड़ रहा है। रजिस्टार ऑफिस में आने वाले लोगों ने बताया कि इसमें रजिस्ट्री के लिए कई दिनों तक टाइम स्लॉट आगे का मिल रहा है। बताया जाता है कि संपदा 2 के चलते एक और तो प्रदेश भर में करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है जबकि काम पहले करना था वह नहीं हो पा रहा है। जानकारी अनुसार तमाम परेशानियों के बावजूद इसमें सुधार की गुंजाइश होने के बावजूद काम नहीं हुआ है। अब अधिक परेशानियां आम जनता के साथ-साथ वेंडर और वकील को भी जो रजिस्ट्री कराने के लिए आते हैं उनको भी परेशानी झेलना पड़ रही है। कई दिनों तक टाइम स्लॉट ही नहीं मिल पाता है और टाइम स्लॉट जिस दिन मिलता है उस दिन लिंक फेल होने के कारण पूरा दिन ही लोगों को परेशान होना पड़ता है पहले की व्यवस्था अति उत्तम होने के कारण बेहतर काम होता था लेकिन भोपाल बैठे आला अधिकारियों ने नए सिरे से आम जनता को परेशान करने की रणनीति बनाई।

### योजनाओं में भी कम होगा सीमेंट कांक्रीट का इस्तेमाल

## आईडीए : स्कीम 94 में 42 एकड़ में बनेगा सिटी फॉरेस्ट



संवाददाता ● इंदौर

हरियाली बढ़ाने को लेकर आईडीए ने कार्य योजना पर अमल शुरू कर दिया है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण स्कीम नंबर 94 के पार्ट 4 में देखने को मिलेगा। यहां आईडीए ने करीब 40 एकड़ जमीन पर सिटी फॉरेस्ट बनाने की योजना बनाई है। साथ ही आईडीए अब अपनी आगामी सभी योजनाओं में इस प्रकार का डेवलपमेंट करने की तैयारी में है कि सीमेंट कांक्रीट का इस्तेमाल कम से कम हो सके। अधिकारियों का कहना है कि सीमेंट कांक्रीट के अधिक इस्तेमाल से न केवल हरियाली को क्षति पहुंचती है, बल्कि जमीन में पानी का रिसाव भी कम होने लगता है।

**योजना**

जानकारी अनुसार आईडीए अधिकारियों ने कंसल्टेंट योजना में हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अपनी टीपीएस योजनाओं में भी आईडीए इस बार 17 गार्डन तैयार कर रहा है और 2 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। गत वर्ष आईडीए ने जो पौधारोपण किया था उसके परिणाम भी अच्छे आए और 10-10 फीट ऊंचे ये पौधे अब पेड़ का स्वरूप ले चुके हैं। इसमें विशेष पद्धति से योजना 78 में तैयार किया गया गार्डन भी शामिल है। बताया जा रहा है कि आईडीए ने 1200 हेक्टेयर से अधिक जमीनों पर टीपीएस योजनाएं घोषित कर रखी है। हालांकि अभी अहिल्या पथ का मामला अधर में पड़ा है, जिसमें 5 टीपीएस योजनाएं घोषित की गई थी। मगर शासन ने अनुमति नहीं दी और यह निर्देश दिए कि रोड के दूसरी तरफ भी मौजूद कृषि जमीनों को शामिल किया जाए।

दूसरी तरफ आईडीए की जो वर्तमान में टीपीएस योजनाएं हैं उनमें 1, 2, 3, 4, 5 से लेकर 10 तक में वैसे तो 141 गार्डन निकल रहे हैं, मगर चूंकि इन योजनाओं में अभी विकास कार्य जारी है लिहाजा इस बार मानसून सत्र में 17 गार्डन ऐसे चिन्हित किए गए हैं जहां पर पौधारोपण किया जा सकेगा। संभागायुक्त और प्राधिकरण अध्यक्ष दीपक सिंह की भी मंशा है कि प्राधिकरण की सभी योजनाओं के साथ-साथ खुली जमीनों और नई टीपीएस योजनाओं में भी बेहतर हरियाली के साथ सिटी फॉरेस्ट योजना पर भी काम किया जा सके, जिसके चलते पिछली बोर्ड बैठक में योजना 97 पार्ट-4 में सिटी फॉरेस्ट के लिए उपलब्ध 42 एकड़ जमीन पर नगर वन योजना को अमल में लाने का निर्णय लिया गया।



## 8 ट्रक से अधिक माल जब्त 4 ट्रक में 65 टू व्हीलर उठाए

इंदौर। निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा पलासिया चौराहा से व्हाइट चर्च चौराहा एवं आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त लता अग्रवाल, रिमूवल विभाग के बबलू कल्याणे और निगम प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान नगर निगम कि टीम द्वारा सड़क किनारे 2 एवं 4 व्हीलर वाहन खड़े कर पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए, नगर निगम की रिमूवल टीम द्वारा 08 ट्रक सामान जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई, सड़क किनारे फुटपाथ पर और रोड पर वाहन पार्क करने पर वाहन जब्त किए गए।

## इंदौर बायपास होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक लिंक रोड निर्माण कार्य का उद्घाटन

### महापौर भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने किया भूमिपूजन

संवाददाता ● इंदौर



विशेष केंद्रीय सहायता के अंतर्गत 29.52 करोड़ की लागत से बनने वाली राऊ विधानसभा के अंतर्गत इंदौर बायपास होटल प्राइड से सिटी फॉरेस्ट तक लिंक रोड निर्माण कार्य का शुभारम्भ हुआ महापौर पुष्यमित्र भार्गव और राऊ विधानसभा के विधायक मधु वर्मा द्वारा भूमिपूजन कर किया गया। इस अवसर और एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर स्थानीय पार्षद सीमा सोलंकी भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल महापौर प्रतिनिधि अंशुमन सिंह चौहान एवं वार्ड संयोजक महेंद्र शुक्ला नगर निगम के अधिकारी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे यह सड़क निर्माण कार्य अंबिकापुर विकास योजना 2021 के अंतर्गत प्रस्तावित है। इस परियोजना के तहत लगभग 2.40 किलोमीटर लंबी और 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिसमें 6-लेन सेमी-डिजिटल सेंसरिंग, सेंट्रल मीडियन, स्ट्रीट लाइटिंग, स्टॉर्म वाटर लाइन और इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में कहा कि इस लिंक रोड के निर्माण से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासीय कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इससे स्थानीय नागरिकों को यातायात और आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

### संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत की बैठक

# हुकुमचंद मिल की जमीन पर बनाई जाएगी आवासीय योजना

संवाददाता ● इंदौर



संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत की बैठक आज संभागायुक्त कार्यालय में हुई। बैठक में हाउसिंग बोर्ड के डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर प्रबोध पारले, एक्जीक्यूटीव इंजीनियर आनन्द जैन, एम.एल. धाकसे सहित संभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**पहल**

बैठक में बताया गया कि सियागंज क्षेत्र में करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से व्यवसायिक परिसर का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। हुकुमचंद मिल की 7 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्य एवं आवासीय योजना प्रस्तावित है, जिसकी लागत 200 करोड़ रुपये है। इस योजना के लिए वास्तुविद् की नियुक्ति की जा चुकी है। 50 वर्ष से अधिक पुरानी एमआईजी कॉलोनी और वहीं पर स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स का पुनर्घनत्वीकरण के कार्य होना है। इसमें श्री वैष्णव पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, आईटीआई संस्थान इंदौर शामिल हैं। इसके अलावा आलीराजपुर में रेस्ट हाउस, झाबुआ में जनपद कार्यालय, धार में पीडब्ल्यूडी कार्यालय एवं डाक बंगला, मनावर तहसील में कर्मचारियों के आवास गृह, बड़वानी में इंद्रजीत छात्रावास परिसर, खरगोन में लोक निर्माण और कसरावद में पुराना तहसील कार्यालय आदि शामिल है।

बैठक में बताया गया कि पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत इंदौर के एमआईजी कॉलोनी एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स एवं नेहरू नगर को शामिल किया गया है। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवासीय व्यावसायिक निर्माण योजनाओं में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाए। भवनों के ऊपर सौर ऊर्जा के पैनल लगाये जाये, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग और रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग लगायी जाये। सभी आवासीय और व्यावसायिक भवनों की तल मंजिल की जगह को पार्किंग के लिए रखी जाए। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में शासकीय कर्मचारियों के आवास के लिए सिविल लाइन बनायी जाए। इसके लिए 10 से 20 हेक्टेयर भूमि आरक्षित रखी जाये।

बैठक में सिंह ने कहा कि पुनर्घनत्वीकरण योजना से परिसरों और संस्थानों की तस्वीर बदल जायेगी। इससे इन संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। जीर्ण-शीर्ण हो चुके आवासीय संकुल और व्यावसायिक परिसरों का पुनः निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है। बैठक में अधिकारियों ने भी अपने विचार और सुझाव रखे। उल्लेखनीय है कि इन परियोजनाओं के प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन (पीपीआर) अनुमोदन किया गया है और इन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय साधिकार समिति को भेजा जाएगा।

# नींद को भी बैंक में जमा कर सकते हैं!

यात्राओं के दौरान अक्सर मेरी नींद पूरी नहीं हो पाती। नींद की कमी के बाद कई लोग अगली रात में अतिरिक्त घंटे सोकर भरपाई की कोशिश करते हैं, उनसे अलग मैं अपनी यात्रा से पहले ही कुछ अतिरिक्त घंटे सोने की कोशिश करता हूं, जैसे मैं अपने शरीर में कुछ नींद जमा कर रहा हूं। मेरी पत्नी इस उपाय पर खूब हंसती हैं। भारतीय सेना के साथ कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मैंने ह्यस्लीप बैंकिंगह्ल के बारे में सुना है। दरअसल किसी भी मिशन में सैनिकों के लिए नींद लेना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में सैनिकों की थकान को कम करने की रणनीति के तौर पर इसे साल 2009 में परखा गया था। तो स्लीप बैंकिंग क्या है? यह एक ऐसा आइडिया है, जिसमें नींद की कमी वाली अवधि से पहले के दिनों में अतिरिक्त नींद ली जाए, ताकि आप सोने की कमी के प्रति अधिक सहनशील हो जाएं। यह ऐसा है जैसे ह्यनिकासीह्ल की जरूरत पड़ने से पहले आप स्लीप ह्यबैंकह्ल में ह्यजमाह्ल कर रहे हों।

वस्तुतः यही कारण है कि डॉक्टर, स्वास्थ्य विशेषज्ञ सर्जरी और मैराथन जैसे शारीरिक कष्ट वाले आयोजन से पहले इस रणनीति को अपनाने की सलाह देते हैं। ऐसी बैंकिंग कम समय के लिए तो बेहतरीन हैं, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यदि आप हर वक्त इसे दोहराते हैं तो यह हानिकारक हो सकता है। साल 2009 में अमेरिका के मैरीलैंड स्थित वॉल्टर रीड आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च में एक प्रयोग हुआ, जिसमें 18 से 39 वर्ष के 24 आम नागरिकों व सेवारत सैन्यकर्मियों में विस्तारित नींद का प्रभाव जांचा गया। उन्हें पहले 10 घंटे तक सुलाया गया और फिर नींद पर प्रतिबंध वाले घंटों से गुजारा गया। फिर शोधकताओं ने उनकी सतर्कता और प्रदर्शन मापने की जांच की।

परिणाम में सामने आया कि स्लीप बैंकिंग ने नींद की कमी के दौरान ना सिर्फ सतर्कता और प्रदर्शन को सुधारा, बल्कि रिकवरी को भी तेज किया। जिन सदस्यों को अतिरिक्त नींद मिली थी, उन्होंने तयशुदा घंटों की नींद लेने वालों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। साल 2015 में 14 स्वस्थ पुरुषों पर किए गए एक अन्य अध्ययन में

**परिणाम में सामने आया कि स्लीप बैंकिंग ने नींद की कमी के दौरान ना सिर्फ सतर्कता और प्रदर्शन को सुधारा, बल्कि रिकवरी को भी तेज किया। जिन सदस्यों को अतिरिक्त नींद मिली थी, उन्होंने तयशुदा घंटों की नींद लेने वालों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। साल 2015 में 14 स्वस्थ पुरुषों पर किए गए एक अन्य अध्ययन में साबित हुआ कि छह रातों की विस्तारित नींद ने सोने के अभाव वाले पूरे 21 घंटों के दौरान प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखा और इससे निद्रा की कमी का तनाव भी कम हुआ।**

साबित हुआ कि छह रातों की विस्तारित नींद ने सोने के अभाव वाले पूरे 21 घंटों के दौरान प्रदर्शन को बेहतर बनाए रखा और इससे निद्रा की कमी का तनाव भी कम हुआ। विकसित देशों में फिजिशियंस को स्लीप बैंकिंग का अभ्यास करने की सलाह दी जाती है, ताकि मरीजों की सुरक्षा बनी रहे, क्योंकि कुछ मौकों पर ये डॉक्टर्स बिना नींद लिए 24-24 घंटे काम करते हैं। चूंकि नींद एक दवा है, इसलिए स्लीप बैंकिंग निश्चित ही शिफ्ट वर्कर्स में थकान को कम कर सकती है, खासकर रोटेशन शिफ्ट वाले कर्मचारियों में, क्योंकि वे नॉन शिफ्ट वर्कर्स की तुलना में लगातार कम सो पाते हैं। टाइट शेड्यूल वाले कई लोगों के लिए विस्तारित नींद संभव नहीं है, लेकिन जिन लोगों के काम में फ्लेक्सिबिलिटी है और जो इसका अभ्यास कर सकते हैं, उनके लिए ये रणनीतियां काम कर सकती हैं।

1. जहां भी संभव हो, सोएं: जब मैं कार में बैठता हूं, तो ड्राइवर को बता देता हूं कि कहां जाना है और तत्काल सो जाता हूं, खासकर तब जबकि मैं अपनी रात की नींद को बढ़ा सकता हूं। विशेषज्ञों का कहना है कि झपकियां फायदेमंद हैं। 2. जब भी अतिरिक्त नींद मिले, लपक लेंः अलसुबह की शिफ्ट के कर्मचारियों को 6 बजे रिपोर्ट करना होता है, मतलब उन्हें सुबह 5 बजे घर से निकलना होता है और लंच के 30 मिनट में वो पहले 10 मिनट में कैंटीन में भागकर खाना खाते हैं और तुरंत ड्रेस चेंजिंग रूम में जाकर 20 मिनट आराम करते हैं। इसे थोड़ी अतिरिक्त नींद लपकना कहते हैं। 3. अत्यधिक स्लीप बैंकिंग ना करेंः स्लीप बैंकिंग भविष्य में होने वाली नींद की अस्थायी कमी के लिए है। लेकिन एक व्यस्क को सेहतमंद जीवन के लिए हर रात सात घंटे सोना चाहिए। संक्षेप में अपनी स्लीप हाइजीन में सुधार करें। फंडा यह है कि आदर्श तौर पर तो शरीर को अच्छी नींद देकर रीचार्ज करने के लिए हर रात मायने रखती है। लेकिन कभी-कभार यह दुनिया हमसे देर रात तक काम करने को कहती है। जब ऐसा होने वाला हो तो नींद के अभाव वाली अनुमानित अवधि से पहले कुछ घंटे की झपकी लें।

## संत वचन

जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा।ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें। इसके बजाय, ईसाइयों के रूप में, यह हमेशा महत्वपूर्ण है कि हम विनम्र रहें और दूसरों की बात सुनने के लिए तैयार रहें, खासकर भगवान की बात सुनने में। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में...

# तेरी रगों में क्या बह रहा है

एडिट.नोट

आज तोताराम ने आते ही हमसे प्रश्न किया- तेरी रगों में क्या बह रहा है ? हमने कहा- यह भी कोई प्रश्न है ? हम मनुष्य हैं और सभी मनुष्यों जैसे ही दो हाथ पैर वाले, जमीन पर हगने-चलने वाले, मुँह से दो रूखी-सूखी रोटी खाने वाले हैं । जो दूसरे मनुष्यों की रगों में बहता है वही हमारी रगों में बहता होगा । जब कहीं कट जाता है तो लाल रंग का तरल पदार्थ निकलता है जिसे लहू या खून कहते हैं । पहले कुएँ से निकालकर पानी लाया करते थे लेकिन अब तो कोई सत्तर साल से जैसा भी गँदला-साफ पानी नल में आता है वही पीते हैं । हो सकता है अब रगों में वही बहता हो । फिर भी दावे से कुछ नहीं सकते ।बोला- वह बात नहीं है लेकिन अब जब से पहलगाँव में 26 पर्यटकों की नृशंस हत्या हुई है तब से जैसे मोदी जी की रगों में गरम सिंदूर बह रहा है वैसे तेरी रगों में क्या बह रहा है ?

हमने कहा- मोदी जी असामान्य हैं, अलौकिक हैं । उनकी रगों में कुछ भी बह सकता है ।पहले शायद खून ही बहता होगा लेकिन अब अवसरानुकूल, आवश्यकतानुसार सिंदूर बहने लगा है । कभी उनकी रगों में देश प्रेम बहने लग जाता है । देवताओं पर कोई नियम लागू नहीं होता । उनके कितने भी सिर, कितने भी हाथ-पैर, नेत्र हो सकते हैं, वे कभी भी कहीं भी जा सकते हैं, जल में समाधि लगा सकते हैं, आकाश में उड़ सकते हैं । कोई भी रूप धारण कर सकते हैं । रमेश विधूड़ी की रगों में मुसलमानों के प्रति घृणा बहती है, योगी जी की रगों में बुलडोजर बहता होगा तो अमित जी रगों में कानून व्यवस्था और सुशासन बहता हो । बोला- मैं तुझसे तेरे बारे में बात कर रहा हूँ और तू बिना बात ही दुनिया की रामायण मुझे सुना रहा है ।

हमने कहा- पहलगाँव की घटना पर हमें भी बहुत दुख हुआ था, क्रोध आया था लेकिन हम क्या कर सकते थे । हम कोई मोदी जी तो हैं नहीं जो बादलों का फायदा उठाकर राडार को धता बताकर घर में घुसकर मार दें । हमसे तो मच्छरदानी में घुसा हुआ मच्छर तक नहीं मरता । 23 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी समिति के 22 वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए अमेरिका जाना था लेकिन उसी दिन कोई 4-5 घंटे पहले बहुत जी घबराया और कमजोरी अनुभव हुई तो बच्चों ने रोक लिया । कहा- अकेले नहीं जाने देंगे । फिर 26 को जयपुर दिखाया तो पता चला कि ब्लोकेज कुछ बढ़ गया लेकिन आयु को देखते हुए कोई भी छोटा-बड़ा ऑपरेशन नहीं करेंगे । बस, पथ्य-परहेज से रहो ।

बोला- तो फिर लगे हाथ डाक्टर से यह भी पूछ लेता कि जैसे वीरता के कारण मोदी की रगों में सिंदूर बहने लगा वैसे ही कहीं कायरता और डर के मारे तेरा खून कॉकरोच के खून की तरह सफेद न हो गया हो या पानी ही न हो गया हो । हमने कहा- ये सब बकवास है । खून खून होता है । वह किसी प्रधानमंत्री या सामान्य आदमी या हिन्दू मुसलमान, संघी-लीगी के हिसाब से नहीं होता । खून ए बी सी डी आदि ग्रुपों के हिसाब से होता है । और खून केवल रगों में दौड़ने के लिए नहीं होता उसे गालिब की तरह समय पर आँख से भी टपकना चाहिए , भीम की तरह द्रौपदी के चीरहरण के समय दुःशासन की जांघ तोड़ने के लिए प्रतिज्ञ होना चाहिए, राम की तरह ऋषि-मुनियों की हड्डियों के ढेर को देखकर ह्यभुज उठाय प्रण करकेह्ल उनका विनाश भी करना चाहिए । सेना की वर्दी तो फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो में भी मिल जाएंगी ।

संजय कुमार -लेखक

# प्लास्टिक को ऐसे उपयोग करना होगा कि कचरा न बने

इस बार के पर्यावरण दिवस (5 जून) को प्लास्टिक-मुक्ति के लिए समर्पित किया गया है। इस थीम के अनुसार प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने के लिए एक सामूहिक प्रयास की पहल दुनिया में होनी चाहिए। प्लास्टिक आज हमारे जीवन में इस हद तक समा गया है कि घर से लेकर बाहर तक, धरती से आसमान तक, हिमखंडों से लेकर समुद्र तक- हर जगह इसे देखा जा सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि दुर्भाग्य से प्लास्टिक हमारे लिए इतना ज्यादा उपयोगी साबित हुआ है कि हमने इसे व्यापक पैमाने पर हर क्षेत्र में अपना लिया। कोई क्षेत्र ऐसा नहीं बचा, जिसमें प्लास्टिक ने जड़ें न जमा ली हों। इतनी गहरी जड़ें कि कम समय में ही यह धरती के भीतर और बाहर सब तरफ फैल गया है।

सवाल यह है कि प्लास्टिक क्यों और कैसे आया? इसका सबसे बड़ा कारण घटते प्राकृतिक संसाधनों की चिंता थी। वनों के कटाव और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संकट को देखते हुए प्लास्टिक का आविष्कार किया गया, जिसने दुनिया में क्रांति ला दी। कोई भी देश ऐसा नहीं बचा, जहां प्लास्टिक किसी न किसी रूप में न पहुंचा हो। अब यह न केवल धरती के भीतर और बाहर मौजूद है, बल्कि माइक्रोप्लास्टिक के रूप में हमारे खून में भी समा गया है। यह एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिसे देखते हुए अमेरिका ने माइक्रोप्लास्टिक को हटाने के लिए विशेष वाटर फिल्टर तक विकसित कर लिए हैं। माना जा रहा है कि हर व्यक्ति के शरीर में हजारों माइक्रोप्लास्टिक कण प्रवेश कर चुके हैं। इसका मुख्य कारण प्लास्टिक के बर्तनों, पानी की बोतलों और कृषि में प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को माना जा सकता है। सवाल उठता है कि जब प्लास्टिक इतनी गहराई तक पहुंच चुका है, तो इससे मुक्त होना कितना संभव है?

कुछ देशों ने इसके लिए प्रतिबंध लगाए हैं। कैलिफोर्निया सहित अमेरिका के कई राज्यों में इस पर रोक के कदम उठाए गए हैं। भारत ने भी 2022 में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर कथित प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन आज भी देश के हर कोने में यह खुलकर उपयोग हो रहा है। इस पर रोक लगाना आसान नहीं है, खासकर विकासशील देशों में, जहां गरीब तबके के लिए प्लास्टिक एक सस्ता और सुलभ साधन बन चुका है। गरीबों की झुग्गियों से लेकर उनके जूते, छतों की चादरें, खाद्य सामग्री के पैकेट तक, हर चीज में प्लास्टिक समाया हुआ है। ऐसे में इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करना न्यायसंगत नहीं होगा।

आवश्यकता इस बात की है कि प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए सही रणनीति अपनाएं। समुद्रों, नदियों और खेतों में जो प्लास्टिक पहुंच चुका है, उसे हटाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। ऐसे समाधान विकसित करने होंगे, जिनसे प्लास्टिक को पुनः उपयोग में लाया जा सके। वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि प्लास्टिक को ऐसे रसायनों में बदला जाए, जो अन्य उपयोगी कार्यों में आ सकें। प्लास्टिक उद्योग को पूरी तरह समाप्त कर देना भी संभव नहीं, क्योंकि इससे आर्थिक रूप से बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

अगर प्रतिबंध लगाने के बाद भी बाजार में प्लास्टिक उपलब्ध रहता है, तो यह समस्या का समाधान नहीं बल्कि नया व्यापार बन जाएगा, जैसा कि अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ होता है। इसका समाधान यह है कि हम प्लास्टिक को इस तरह से पुनः उपयोग करें कि उसका कचरा न बने। असल समस्या प्लास्टिक नहीं, बल्कि हमारा कुप्रबंधन है। सड़कों, समुद्रों और नदियों में बिखरा प्लास्टिक इस कुप्रबंधन का ही नतीजा है। यही स्थिति हमने अपने जल संसाधनों, जंगलों और हवा के साथ भी बना रखी है। हम इनके संरक्षण के बजाय केवल इनका दोहन करते आए हैं। अगर हम प्लास्टिक के साथ-साथ पर्यावरण के अन्य घटकों के प्रबंधन पर भी गंभीरता से ध्यान दें, तो समस्या सुलझ सकती है। यह तभी संभव होगा जब हम यूज एंड थ्रो की मानसिकता से बाहर निकलेंगे और पुनः उपयोग व पुनः चक्रण (रिसाइक्लिंग) को बढ़ावा देंगे। जिस दिन हम इस सोच को अपना लेंगे, उस दिन नदियों को भी बचाया जाएगा, हवा को भी और प्लास्टिक का सही प्रबंधन भी संभव हो सकेगा।

## बिजनेस

किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

# सेंसेक्स 321 अंक चढ़कर 81,633 पर बंदःनिफ्टी में 81 अंक की तेजी, इंडसइंड बैंक और सनफार्मा 2.5% चढ़े



**मुंबई।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 29 मई को सेंसेक्स 321 अंक चढ़कर 81,633 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 81 अंक की तेजी रही, ये 24,834 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी और 6 में गिरावट रही। इंडसइंड बैंक और सनफार्मा के शेयर 2.5% ऊपर बंद हुए। बजाज फाइनेंस, क्लऊ और बजाज फिनसर्व में मामूली गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में तेजी और 13 में गिरावट रही। ठरए के क्ल, मेटल, ऑटो, रियल्टी और फार्मा इंडेक्स में 1.2% की तेजी रही। वहीं, ऋ्रउऋ्र और बैंकिंग शेयर्स नीचे बंद हुए।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 711 अंक (1.88%) बढ़कर 38,433 पर और कोरिया का कोस्पी 50 अंक (1.89%) ऊपर 2,721 पर बंद हुए। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 315 अंक (1.35%) ऊपर 23,573 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 23 अंक (0.70%) चढ़कर 3,363 पर बंद हुआ। 28 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 244 अंक गिरकर 42,099 पर, नैस्डेक कंपोजिट 98 अंक नीचे 19,101 पर और र&ढ 500 भी 33 अंक (0.67%) गिरकर 5,889 पर बंद हुआ था। 28 मई को घरेलू निवेशकों ने 1,746 करोड़ के शेयर खरीदे

28 मई को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,663 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों (ऊक्क्र) ने 7,912 करोड़ रुपए की खरीदारी की। मई महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 17,339 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 54,260 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी है। अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ की नेट खरीदारी की।स्टील ट्यूब्स और पाइप बनाने वाली कंपनी स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड के क्कढ में निवेश करने का आज दूसरा दिन है। इरए के डेटा के मुताबिक, 28 मई को शाम तक कंपनी का क्कढ 3 गुना ज्यादा सब्सक्राइब हुआ।

आज यानी 29 मई के डेटा के मुताबिक, इन्वेस्टर कैटेगरी में नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (ठक्क) ने अपने लिए रिजर्व कैटेगरी का 5.31 गुना अधिक सब्सक्राइब किया है। इसके बाद रिटेल निवेशकों ने 2.99 गुना और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (दक्ष) ने 1.42 गुना बोली लगाई।शेयर बाजार में कल यानी 28 मई को गिरावट रही। सेंसेक्स 239 अंक की गिरावट के साथ 81,312 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 73 अंक की गिरावट रही, ये 24,752 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी रही।

## राज-काज

### एफडी से हर महीने कर सकते हैं कमाई

**नई दिल्ली।** लोग सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करते हैं। एफडी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें एक निश्चित रिटर्न मिलता है और आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। लेकिन ऋ्रऊ में निवेश करने के कई और फायदे भी हैं। ऋ्रऊ कराकर आप अपने लिए हर महीने कमाई का भी इंतजाम कर सकते हैं। आज हम आपको एफडी के ऐसे 7 फायदों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आपका जानना जरूरी है एफडी में आपका पैसा सेफ रहेगा। यहां जमा राशि पर 5 लाख रुपए तक की बीमा सुविधा मिलती है। इसका मतलब यह हुआ है कि अगर किसी कंडीशन में बैंक डिफॉल्ट कर जाए या बंद हो जाए तो आपके 5 लाख रुपए पर सरकार की गारंटी होगी। यानी डिफॉल्ट केस में भी 5 लाख रुपए आपको मिल जाएंगे। ऋ्रऊ का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको निवेश की शुरूआत में ही बता दिया जाता है कि मैच्योरिटी पर आपको कितना फायदा होगा।

# रिलायंस पावर, रिलायंस इंफ्रा, रिलायंस होम... अनिल अंबानी की कंपनियां कर रहीं कमाल

**नई दिल्लीः** अनिल अंबानी की कंपनियां इस समय शेयर मार्केट में कमाल कर रही हैं। इनमें रिलायंस पावर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड शामिल हैं। इन तीनों कंपनियों के शेयर में इन दिनों काफी तेजी आ रही है। गुरुवार को भी इनमें उछाल आया। वहीं रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड में पिछले कई दिनों से अपर सर्किट लग रहा है।पिछले एक महीने में अनिल अंबानी की इन तीनों कंपनियों में जबरदस्त उछाल आया है। बात अगर रिलायंस पावर की करें तो इसने एक महीने में करीब 27 फीसदी रिटर्न दिया है। गुरुवार को यह शेयर 3.53% की तेजी के साथ 52.23 रुपये पर बंद हुआ।

वहीं रिलायंस इंफ्रा का शेयर भी तेजी की राह पर है। एक महीने में यह शेयर निवेशकों को करीब 22 फीसदी रिटर्न दे चुका है। गुरुवार को भी इसमें तेजी आई। यह शेयर 1.78 फीसदी की तेजी के साथ 52.23 रुपये पर बंद हुआ।रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर ने भी गदर मचाया हुआ है। इसमें पिछले कई दिनों से 10 फीसदी का अपर सर्किट लग रहा था। बाद में इसके सर्किट में बदलाव कर इसे 5 फीसदी किया गया। एक महीने में यह शेयर करीब 44 फीसदी उछल चुका है। गुरुवार को यह 5 फीसदी के अपर सर्किट के साथ 4.85 रुपये पर बंद हुआ। अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर में तेजी का सबसे बड़ा कारण खुद अनिल अंबानी का फिर से कारोबार में सक्रिय होना है। इनकी कंपनियों ने हाल ही में कई टेंडर जीते हैं, जिससे कंपनी का कारोबार बढ़ा है।

दरअसल, अनिल अंबानी ने ग्रुप को फिर से आगे बढ़ाने के लिए दो नए क्षेत्रों को चुना है। ये क्लीन एनर्जी और डिफेंस हैं। हाल ही में ग्रुप की कंपनियों ने इन क्षेत्रों में कई टेंडर जीते हैं और कई कंपनियों के साथ साझेदारी की है। कुछ इस प्रकार हैंः इस महीने की शुरूआत में रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस ठव एनर्जीज को 350 मेगावाट की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता मिली है। इसके साथ ही उन्हें 175 टह/700 टहँ की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (इएरर) भी मिली है। एक अन्य सहायक कंपनी, रिलायंस ठव सनटेक प्राइवेट लिमिटेड ने हाल ही में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (रएउक) के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (ढढअ) किया है। यह समझौता एशिया की सबसे बड़ी एकीकृत सोलर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (इएरर) परियोजना को विकसित करने के लिए है। इस परियोजना में 930 टह की सौर ऊर्जा क्षमता होग।

# सोना 175 घटकर 95,525 पर आयाःचांदी 654 बढ़कर 98,100 किलो बिक रही, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 29 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्कखअ) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 175 घटकर 95,525 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,152 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 654 बढ़कर 98,100 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 96,525 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।दिल्ली : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,630 रुपए है।

मुंबई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,480 रुपए है। कोलकाता : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,350 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 97,480 रुपए है। चेन्नई : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,480 रुपए है। भोपालः 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,530 रुपए है।

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,465 रुपए बढ़कर 95,627 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,636 रुपए बढ़कर 97,653 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।




गुवाहाटी के रुक्मिणीगांव में भारी बारिश के बाद बाढ़ग्रस्त इलाके से निकलने के लिए स्थानीय निवासी रबर की नाव का उपयोग करते हुए।

### 190 करोड़ के विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

# मां नर्मदा के आशीर्वाद से हाटपीपल्या की बुझेगी प्यास : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

मां नर्मदा के आशीर्वाद से अब हाटपीपल्या क्षेत्र के नागरिकों को पेयजल उपलब्ध होगा, वहीं किसानों को भी सिंचाई की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को हाटपीपल्या में विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण समारोह को संबोधित किया। उन्होंने लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत के 20 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के 65 विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

**संबोधित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में इंदौर, देवास, उज्जैन, शाजापुर जिले का मक्सी, धार का धार एवं बदनावर को मेट्रोपोलिटयन जोन बनाया गया है। इससे विकास के नए कीर्तिमान बनेंगे। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन नहीं बेचें। मां नर्मदा के माध्यम से क्षेत्र की वर्षों पुरानी प्यास बुझाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा प्रदेश में वर्ष 2003 तक कुल 7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती थी, जो बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए 5 रुपए में विद्युत कनेक्शन देंगे। प्रदेश में गेहूं की सर्वाधिक पैदावार हुई है। किसानों से हमने 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। किसानों की अधिक से अधिक आमदनी हो इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। जगह-जगह कृषि मेले लगाए जा रहे है। कृषि मेले लगाकर उन्नत बीजों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, वहीं आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन कर उनके उपयोग के बारे में प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। प्रदेश सरकार कृषि आधारित उद्योगों के प्रति भी लोगों को प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली, दशहरा पर हर वर्ष मेले लगते है, किंतु राज्य सरकार किसानों की भलाई के लिए कृषि मेले भी लगा रही है। माह अक्टूबर में भोपाल में कृषि मेला लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के लिए भी गोपालन को प्रोत्साहन देने के लिए 25 से अधिक गाय पालन वाले किसानों को 25 प्रतिशत अनुदान भी देंगे। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन में शीर्ष पर आए।




### तीर्थों का भी किया जा रहा विकास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों पर विचरण करने वाले पशुओं के लिए नगर निगमों को 10 हजार पशुओं की क्षमता वाले गो-शाला निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीर्थों का भी विकास किया जा रहा है। विगत दिनों इंदौर में संपन्न हुई कैबिनेट बैठक में ओंकारेश्वर तीर्थ के विकास के लिए 2250 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही सलकनपुर, दतिया, नलखेड़ा, मैहर आदि 19 धार्मिक नगरों में शराब बंदी की गई है। लोकमाता मां अहिल्या देवी ने नागरिकों के कल्याण के लिए विभिन्न लघु उद्योग स्थापित किए और रोजगार को बढ़ावा दिया। लोकमाता अहिल्या देवी की 300वीं जयंती पर प्रदेश में विधवा विवाह को प्रोत्साहन देने और उनके कल्याण के लिए दो लाख रुपए प्रति महिला आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने प्रदेश में शुरु की गई राहवीर योजना के बारे में कहा कि सड़कों पर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को बचाने के लिए अस्पतालों में पहुंचाने पर 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है और इसे बचाना हमारा काम है। प्रदेश में स्वसहायता समूह के माध्यम से बहनों के आर्थिक कल्याण का कार्य भी तेज गति से हो रहा है इससे महिलाएं आर्थिक रुप से सशक्त बनकर उभर रही है। प्रदेश के नागरिकों को सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि शीघ्र ही सुगम बस सुविधा प्रारंभ की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की शूरवीर सेना और प्रधानमंत्री मोदी सहित देश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि माता-बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है। हमारे देश की सेना मजबूत है।कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक हाटपिपल्या मनोज चौधरी, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, विधायक बागली मुरली भंवरा सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### ब्रेन डेड आदमी ने तीन लोगों को दिया जीवन

**भोपाल**। एमपी की राजधानी भोपाल स्थित एम्स अस्पताल ने पहली बार कैडेवर ऑर्गन डोनेशन किया। ओबेदुल्लागंज के 60 वर्षीय शंकर लाल कुबरे के अंगों को दान किया गया। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। उनके परिवार ने अंगदान का फैसला लेकर तीन लोगों को नया जीवन दिया। एम्स भोपाल ऐसा करने वाला प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है। एम्स भोपाल स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है। कैडेवर ऑर्गन डोनेशन का मतलब है, ब्रेन डेड व्यक्ति के अंगों का दान। एम्स भोपाल में यह पहली बार हुआ है। शंकर लाल कुबरे ओबेदुल्लागंज के रहने वाले थे। वे 60 साल के थे। एक सड़क दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की। लेकिन उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया।

### अधिकारियों ने रुकवाई नाबालिग की शादी

**शिवपुरी**। शिवपुरी में एक बाल विवाह होने से रोक दिया गया। करैरा तहसील के छितरी गांव में एक 16 साल 9 महीने की लड़की का विवाह हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस और महिला बाल विकास की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने परिवार को समझाया और विवाह रुकवा दिया। टीम ने परिवार को बाल विवाह के नुकसान बताए और कानून की जानकारी दी। परिवार ने लड़की के बालिग होने पर ही विवाह करने का वादा किया। छितरी गांव में कार्यक्रम की सूचना मिलते ही सीहोर के थाना प्रभारी और पुलिस टीम तुरंत गांव पहुंचे। महिला बाल विकास परियोजना के अधिकारी भी साथ थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थीं। टीम ने लड़की के परिवार को समझाया कि बाल विवाह गलत है। लड़की के कागजात देखने पर पता चला कि वह 18 साल से कम है।

### रतलाम-नागदा की दो लाइन को हरी झंडी

**रतलाम**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारतीय रेल लाइन की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें मध्यप्रदेश की रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी रेल लाइन भी शामिल है। परियोजनाओं पर कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये आएगी और इन्हें वर्ष 2029-30 तक पूर्ण किया जाएगा। यह पहल पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना और एकीकृत योजना के जरिए यात्री व माल परिवहन को सुगम बनाना है। मध्य प्रदेश के चार जिलों को शामिल करने वाली ये परियोजनाएं भारतीय रेल नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी और 784 गांवों की करीब 19.74 लाख की आबादी को लाभ पहुंचाएंगी।

# पति ने खींची चेन, एक किमी पैदल अंधेरे में ढूंढा मिली लाश

### तेज रफ्तार ट्रेन से अचानक गिर नई नवेली दुल्हन

**संवाददाता ● शिवपुरी**

मध्य प्रदेश के शिवपुरी में एक नव विवाहित दुल्हन चलती ट्रेन से गिर गई। जैसे ही पति को पत्नी के ट्रेन से गिरने का पता चला तो उसने किसी तरह चेन खींचकर ट्रेन को रुकवाया। फिर करीब एक किलोमीटर अंधेरे में पैदल चलकर पत्नी के पास पहुंचा, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। अंधेरे में पति ने पत्नी के शव को कंधे पर उठाया और करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर आया लेकिन किसी ने कोई मदद नहीं की। बाद में किसी तरह वो पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ग्वालियर के रहने वाले एडवोकेट विकास जोशी की शादी उरई जालौन की रहने वाली शिवानी शर्मा से हुई थी। शिवानी एलएलबी की छात्रा थी और हाल ही में वह अपनी परीक्षा देने पति के साथ उरई गई थी। परीक्षा के बाद मंगलवार को दोनों ग्वालियर लौटे और इंदौर लौटने के लिए ट्रेन में सवार होकर चल दिए। विकास ने बताया कि वह इंदौर में वकालत करते हैं और वर्तमान में वहीं रहते हैं। दोनों जब ट्रेन से मंगलवार की रात इंदौर जा रहे थे। पति विकास के मुताबिक, जब ट्रेन रात करीब 9 बजे शिवपुरी रेलवे स्टेशन से चलकर कुछ आगे निकली तभी शिवानी को अचानक से उल्टी आने लगी तो वह अपने कोच के



दरवाजे के पास पहुंच गई। वो पानी लेने चला गया और शिवानी गेट पर खड़े होकर उल्टी कर रही थी, लेकिन जब वो पानी लेकर आया तो गेट पर खड़े युवक ने बताया कि पैर फिसलने से शिवानी ट्रेन से गिर गई है। विकास ने तुरंत चेन खींचकर ट्रेन को रूकवाया और फिर खुद ही अंधेर में करीब एक किलोमीटर दूर ट्रैक पर पड़ी शिवानी तक पहुंचा। पति विकास ने बताया कि घटना की सूचना के बाद भी जीआरपी ने उसकी कोई मदद नही की और वह खुद ही अंधेरे में टार्च के सहारे पत्नी को देखता रहा। पत्नी मिलने के बाद वह खुद ही उसे गोद में लेकर आधे किलोमीटर तक पैदल चला। बाद में जीआरपी वाले आए और नियम कानून की बात कर पूरे मामले में कागजों पर साइन करने की बात बोलने लगे, जबकि उस समय पत्नी को इलाज की जरूरत थी। इसके बाद बड़ी मुश्किल से उसे एक कार वाला मिला और तब वह अस्पताल आ पाया, जहां डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया।

## पैसा होने पर भी चेक बाउंस, बैंक को देना होगा ब्याज

**संवाददाता ● उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में उपभोक्ता फोरम ने एक ऐसा फैसला सुनाया है, जिसमें खाते में पर्याप्त राशि होने के बावजूद भी बैंक ने सिर्फ चेक बाउंस कर नहीं किया बल्कि चेक बाउंस की राशि भी काट ली। खाताधारक ने जब इस बात की शिकायत बैंक प्रबंधक से की तो उन्होंने अपनी गलती मानने से ही इनकार कर दिया। इस मामले में 2 साल उपभोक्ता फोरम में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर फैसला सुनाते हुए जिला उपभोक्ता फोरम ने बैंक के खिलाफ एक बड़ी ही दिलचस्प फैसला सुनाया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए वकील वीरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि उज्जैन जिले के इंदिरा नगर में रहने वाले जगत बहादुर सिंह परिहार का हीरा मिल चौराहा पर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। जगत बहादुर सिंह ने 27 मई 2022 को चेक से 6000 रुपए का भुगतान के लिए दिया था, लेकिन 30 मई 2022 को खाते में पर्याप्त बैलेंस होने के बावजूद बैंक ने चेक बाउंस कर दिया। सिंह ने जब इस संबंध में बैंक प्रबंधक से गड़बड़ी के बारे में बताया तो उन्होंने अपनी गलती मानने से इंकार कर दिया।

**45 दिनों में लौटनी होगी काटी हुई राशि-** बाद में बैंक प्रबंधक को इसके लिए नोटिस दिया गया, लेकिन फिर भी जब उन्होंने अपनी गलती नहीं मानी तो साल 2022 में इस पूरे मामले को लेकर डिस्टिक कंज्यूमर कोर्ट में केस दाखिल किया गया। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग उज्जैन द्वारा दिए गए फैसले में चेक बाउंस के लिए बैंक को दोषी माना गया है। साथ ही आदेश दिए गए हैं कि बैंक 45 दिनों के अंदर चेक बाउंस के लिए काटी गई 327 रुपए की राशि और इस दिनांक से भुगतान दिनांक तक 9% वार्षिक दर से ब्याज एक ही बार में प्रदान करें।

# 3 साल का रिलेशन, फिर प्रेमिका का मर्डर शादीशुदा थी

### फिर भी प्रेमी पत्नी बनाने की जिद कर रहा था



**संवाददाता ● जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर के बरगी डेम इलाके में एक सनसनीखेज वारदात ने सभी को हैरान कर दिया। शादीशुदा प्रेमिका पर प्रेमी शादी करने का दबाव बना रहा था, लेकिन जब उसने शादी से इनकार किया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। आरोपी प्रेमी नमन विश्वकर्मा ने अपनी प्रेमिका कविता गुप्ता पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। यह हमला उस समय हुआ जब महिला अपनी दो साल की मासूम बेटी को लेकर अपने दूसरे प्रेमी के साथ घूमने गई थी।

जानकारी के अनुसार, आरोपी नमन विश्वकर्मा कविता के घर के सामने ही रहता है और दोनों के बीच पिछले तीन वर्षों से प्रेम संबंध थे। जब महिला ने शादी से इंकार किया तो प्रेमी ने उसका बेरहमी से कत्ल कर दिया। आरोपी ने महिला पर चाकू से सात बार हमला किया, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने महिला को खून से लथपथ हालत में देखा तो पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल पीड़िता कविता को इलाज के लिए आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़िता की पहचान बल्देवबाग, जबलपुर निवासी कविता गुप्ता के रूप में हुई है, जो शादीशुदा थी और उसकी एक दो साल की बेटी भी है। दिल को झकझोर देने वाली बात यह रही कि जब कविता का पोस्टमार्टम हो रहा था उस वक्त उसकी मासूम बेटी बार-बार कहती रही, "पापा मम्मा के पास चलो।

### हत्या के बाद आरोपी फरार

बरगी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार है, लेकिन उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस संबंध में बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटेल ने बताया कि कई टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# बुरहानपुर में आंधी-बारिश ने उजाड़ दी केले की फसल



**बुरहानपुर**। मध्यप्रदेश में इन दिनों जारी बेमौसम बारिश के बाद जहां एक ओर तापमान में कुछ गिरावट आने से आमजन ने राहत की सांस ली है। वहीं, बारिश और आंधी के चलते किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रदेश में केला उत्पादन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला बुरहानपुर भी इससे अछूता नहीं रहा। यहां के नीमगांव, बख्खारी, रायगांव और खामनी गांवों के 40 से अधिक किसानों को तेज आंधी और बारिश के कारण करोड़ों रुपये की केले की फसल का नुकसान हुआ है। इन गांवों में किसानों की पूरी तरह से तैयार खड़ी फसल अब आंधी-तूफान की चपेट में आकर नष्ट हो गई है।

## मप्र में लागू हुई राहवीर योजना घायलों को बचाने पर मिलेगा 'इनाम'

**संवाददाता ● भोपाल**

देश में सड़क हादसों में हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। अक्सर ऐसा देखा गया है कि लोग घायलों की मदद करने से सिर्फ इस डर से पीछे हट जाते हैं कि कहीं पुलिस या कानूनी कार्रवाई में न उलझ जाएं। इसी सोच को बदलने और मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने 'राहवीर योजना' शुरू की थी। 'राहवीर योजना' को अब मध्य प्रदेश में भी लागू कर दिया गया है।

इस योजना के तहत यदि कोई नागरिक गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय रहते मदद करता है और उसे अस्पताल तक पहुंचाकर उसकी जान बचाने में योगदान देता है, तो उसे सरकार की ओर से 25000 का नकद इनाम और प्रशंसा-पत्र दिया जाएगा। एक व्यक्ति को साल में पांच बार पुरस्कार मिल सकेगा। खास बात यह है कि अगर कोई राहवीर देश के टॉप 10 'राह-वीरों' में चुना जाता है, तो उसे एक लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। मोटर वाहन अधिनियम-2019 के अनुसार, किसी भी राहवीर के खिलाफ बगैर उसकी सहमति के कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है आम नागरिकों को सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए प्रेरित करना खासतौर पर "गोल्डन ऑवर" यानी हादसे के पहले एक घंटे के भीतर। यह समय इलाज के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण होता है और सही समय पर मदद मिलने से जान बचाई जा सकती है। अगर कोई व्यक्ति घायल को सीधे अस्पताल या पुलिस के माध्यम से इलाज तक पहुंचाता है, तो पुलिस या अस्पताल द्वारा एक प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तर की एक समिति मामले की जांच कर सिफारिश करेगी।

### पीछे से पहुंच गई RPF, रंगे हाथ पकड़ा गया

# ट्रेन के बाथरूम में टोटी चुरा रहा था चोर

**संवाददाता ● इंदौर**

ट्रेन के बाथरूम में टोटी चुराने में मशगूल चोर को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब पीछे से रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की टीम दबिश देती हुई वहां पहुंच गई। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर हुई इस कार्रवाई में आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। उसके पास से दो टोटियां बरामद हुईं, जबकि पूछताछ में उसने पहले भी चोरी करना कबूल किया।

**घटना**

कबाड़ी को बेची गई चार और टोटियां बाद में RPF ने जब्त कर लीं। घटना 28 मई की है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव ने बताया कि RPF के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार, आर. कृष्ण कुमार और मधुसूदन यादव स्टेशन पर नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी ट्रेन नंबर 19711/12 के कोच एम/2 के बाथरूम से कुछ खटकने की आवाज आई। जैसे ही अधिकारी अंदर पहुंचे, उन्होंने देखा कि एक युवक टोटी निकालने में जुटा था। पकड़े गए युवक ने अपना नाम दिनेश अहिरवार (30) निवासी भोपाल बताया। तलाशी में उसकी जेब से दो टोटियां बरामद हुईं। पूछताछ में दिनेश ने खुलासा किया कि दो दिन पहले भी वह चार टोटियां चुरा चुका है, जिन्हें उसने फूटा मकबरा छोला रोड स्थित एक कबाड़ी को बेच दिया था।

RPF टीम ने जांच आगे बढ़ाई और संबंधित कबाड़ी समीर खान (20) निवासी भोपाल से संपर्क किया। उसके पास से चोरी की गई चार टोटियां और अन्य सामान बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 2590 रुपए बताई गई है। दिनेश अहिरवार के खिलाफ RPF पोस्ट भोपाल में रेलवे संपत्ति (अवांछनीय व्यक्ति) अधिनियम की धारा 3A और रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत मामला दर्ज किया गया।



उसका कोई स्थायी ठिकाना नहीं होने और आपराधिक इतिहास होने की संभावना के चलते उसे गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दे दी गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रियों की सुविधाओं को प्रभावित करने वाले ऐसे कृत्यों पर रेलवे प्रशासन कड़ी नजर रखे हुए है और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शुक्रवार, 30 मई, 2025
www.adityabharat.com



# प्यार में गुलजार हुई जिंदगी, लेकिन तबाह हो गया करियर

## तलाक लेने के 11 साल बाद करेंगी ऑनस्क्रीन रोमांस?



टीवी की दुनिया की स्टार एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट अक्सर ही अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। अपने काम के साथ ही तीखे बयानों और धारदार पर्सनालिटी के लिए सुर्खियों में रहने वाली जैनिफर एक बार फिर खबरों में है। दावा किया जा रहा है कि जैनिफर अपने एक्स हसबैंड करण सिंह ग्रोवर के साथ 11 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं। कभी जैनिफर और करण के बीच खूब प्यार था और इसी प्यार में दोनों की जिंदगी गुलजार थी। लेकिन शादी के बाद जैनिफर के करियर में ऐसा ग्रहण लगा कि तबाही के कगार पर पहुंच गया। जैनिफर खुद ही इसको लेकर बात कर चुकी हैं। फ्री प्रेस जर्नल की एक रिपोर्ट की मानें तो जैनिफर विंगेट और करण सिंह ग्रोवर जल्द ही करण जौहर के साथ रियालिटी शो 'द ट्रेलर्स' में नजर आने वाले हैं। हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन अगर ऐसा होता है तो जैनिफर और करण पूरे 11 साल बाद स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हालांकि इससे पहले दोनों टीवी सीरियल्स में एक साथ काम कर चुके हैं। दोनों की लवस्टोरी भी टीवी सीरियल के सेट पर शुरू हुई थी और कुछ साल डेट करने के बाद दोनों ने साल 2012 में शादी रचाई थी। बता दें कि जैनिफर की मुलाकात साल 2009 में हुई थी जब दोनों टीवी 'दिल मिल गए' में एक साथ काम कर रहे थे। दोनों साथ ही में काम करते हुए दोस्त बने और दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। करीब 2 साल तक डेट करने के बाद दोनों का प्यार परवान चढ़ा और 2012 में दोनों ने शादी रचा ली। हालांकि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों की जिंदगी से प्यार हवा हो गया। साथ ही जेनिफर को करियर में भी झटका लगा और काम मिलना बंद हो गया। इसके बाद जेनिफर ने करण सिंह ग्रोवर से तलाक ले लिया। तलाक के बाद जेनिफर ने अपने रास्ते अलग कर लिए और करण ग्रोवर ने बिपाशा वसु के साथ शादी रचा ली। अब देखना होगा कि दोनों की जोड़ी 11 साल बाद पर्दे पर कितनी जमती है।

# मौका पाते ही प्रोड्यूसर ने एक्ट्रेस की कमर पर फेरा हाथ वहीं भड़क गईं एक्ट्रेस, कई साल बाद खोली पोल



बॉलीवुड में कास्टिंग काउच का एक लंबा इतिहास रहा है और हर दौर के मेकर्स ने इसे बदस्तूर जारी रखा है। आज भी कास्टिंग काउच की शिकार एक्ट्रेस इनकी कहानियां सुनाती रहती हैं। हाल ही में बॉलीवुड की एक दिग्गज एक्ट्रेस ने भी प्रोड्यूसर की पोल खोली है। साथ ही बताया कि कैसे प्रोड्यूसर ने मौका पाते ही उनकी कमर पर हाथ फेर दिया था। इतना ही नहीं जब एक्ट्रेस ने इसका विरोध किया तो प्रोड्यूसर ने ऐसे रिएक्ट किया जैसे कुछ हुआ ही न हो। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि अमृता सुभाष हैं। जूम से बात करते हुए, अमृता ने अपने थिएटर के दिनों के दौरान एक विशेष घटना को याद किया जिसने उन्हें हिला दिया था, लेकिन चुप नहीं रहीं। अमृता बताती हैं, 'एक नाटक का निर्माता था। मैं कुछ सीढ़ियां चढ़ रही थी, और शायद मेरा टॉप थोड़ा ऊपर उठा, मुझे कुछ महसूस हुआ, मेरी कमर के पास एक हाथ। मैंने पलट कर देखा कि वह एक बड़ा निर्माता था।' इसके बाद जो हुआ वह सभी के सामने एक साहसी बयान था। 'मैंने बस उसे देखा और कहा, 'तुमने अभी क्या किया? वह क्या था?' उसके द्वारा इसे अनदेखा करने के प्रयासों के बावजूद, उसने इसे अनदेखा नहीं किया। 'मैंने इसे महसूस किया। वह क्या था?' उसने कहा। जब उसने उसके पहनावे को दोषी ठहराया, तो उसने पलट कर कहा, 'यह तुम्हारा कोई काम नहीं है। तुमने मुझे वहां छूने की हिम्मत कैसे की? 'निर्माता बहुत बुजुर्ग और जाने-माने थे, लेकिन अमृता को नतीजों की परवाह नहीं थी। हर कोई कह रहा था, 'उसके रोल्स चली जाएंगी', और मैंने कहा, 'चलो भाड़ में जाओ।' अमृता ने बताया कि यह उसका एकमात्र परेशान करने वाला अनुभव नहीं था। ट्रेन में एक लड़के ने उसे अनुचित तरीके से छूने की कोशिश की। उसे शर्मिंदा करने के बजाय, अमृता ने एक ज्यादा शिक्षाप्रद रास्ता अपनाया, उसे ऐसा सबक सिखाया जिसे वह शायद ही कभी भूल पाए। एक अन्य प्रकरण में, एक वरिष्ठ फिल्म निर्माता ने उसे देर रात शराब पीने के निमंत्रण देकर बार-बार परेशान किया।

# भूल चूक माफ ने 6 दिन में ही निकाल लिया बजट!



मौजूदा समय में अगर कोई फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है तो वह भूल चूक माफ है। राजकुमार राव और वामिका गब्बी जैसे सितारों से सजी भूल चूक माफ ने अपनी शानदार कमाई का शोर न सिर्फ देश में मचाया है, बल्कि ग्लोबली भी ये रोमांटिक कॉमेडी मूवी जमकर मोटा पैसा रही है। आलम ये है कि रिलीज के 6 दिन में ही भूल चूक माफ ने अपना बजट निकाल लिया है। आइए जानते हैं कि बीते बुधवार को इस फिल्म वर्ल्डवाइड ने कितने करोड़ का कारोबार किया है। कोर्ट के काफी विवाद के बाद 23 मई को भूल चूक माफ को ओटीटी की बजाय सीधा सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। तब से लेकर अब तक ये फिल्म बॉक्स ऑफिस से लेकर थिएटर्स तक अपनी मजबूक पकड़ बनाए हुए है। टाइमलूप कॉमेडी के आधार पर ये मूवी हर किसी को पसंद आ रही है। ऑडियंस और क्रिटिक्स की तरफ से इसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिला है। गौर करें इसके अब तक वर्ल्डवाइड कलेक्शन की तरफ तो बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार राजकुमार राव की ये फिल्म दुनियाभर में महज दिन में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने में सफल रही है। छठे दिन भूल चूक माफ ने ग्लोबली अनुमानित 4-5 करोड़ के बीच में कलेक्शन किया है, जोकि वीक डे के हिसाब से काफी शानदार माना जा रहा है। वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म नेट 41 करोड़ से अधिक इनकम करने में सफल रही है। इस हिसाब से देखा जाए तो रिलीज के फर्स्ट वीक से पहले ही भूल चूक माफ ने अपना बजट निकालते हुए कामयाबी हासिल कर ली है। दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली भूल चूक माफ एक पारिवारिक फिल्म है, जो टाइमलूप कॉमेडी के अलावा आपको ऐसा मैसेज देकर जाती है, जो समाज के लिहाज से काफी अहम है। इस फिल्म का बजट एवरेज है, द बॉक्स ऑफिस इंस्टाग्राम पेज की रिपोर्ट के अनुसार इस मूवी की लागत करीब 50 करोड़ है, ऐसे में वर्ल्डवाइड कलेक्शन को देखते हुए मेकर्स की ये लागत वापस निकल आई है और आगे अब राजकुमार राव की ये मूवी मुनाफा कमाती हुई नजर आएगी।

# सैयामी खेर करने जा रही हैं मलयालम सिनेमा में डेब्यू



अभिनेत्री सैयामी खेर अब मलयालम फिल्मों में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वे प्रतिभाशाली मलयालम अभिनेता रोशन मैथ्यू के साथ एक नई फिल्म में स्क्रीन शेयर करती नज़र आएंगी। इस फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। संयमी इससे पहले तेलुगू फिल्मों में सुपरस्टार नागार्जुन के साथ काम कर चुकी हैं, और अब वे मलयालम सिनेमा की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं - जो हाल के वर्षों में अपनी दमदार कहानियों और अभिनय के लिए कई बॉलीवुड कलाकारों का ध्यान खींच चुका है। आज के समय में जब मल्टीलैंग्वल फिल्में और इंडस्ट्रीज के बीच सहयोग आम होता जा रहा है, यह कदम संयमी के करियर में एक नया और रोमांचक अध्याय जोड़ता है। इस फिल्म में संयमी एक अहम भूमिका निभा रही हैं और फिल्म की कहानी भी काफी दमदार बताई जा रही है। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'संयमी काफी समय से एक मलयालम फिल्म करना चाहती थीं। उन्हें हमेशा ऐसी फिल्मों की ओर खिंचाव रहा है जिनमें कहानी मज़बूत हो, और ये स्क्रिप्ट उन्हें तुरंत पसंद आ गई। रोशन मैथ्यू जैसे शानदार अभिनेता के साथ एक परफॉर्मेंस-ड्रिवन रोल निभाना उनके लिए एक बेहतरीन अगला कदम है।' गौरतलब है कि सैयामी खेर एक शानदार एक्ट्रेस हैं। इसके अलावा वो अपनी फिटनेस को लेकर भी काफी ध्यान देती हैं।

## भारत के नए वर्टिकल कंटेंट सेगमेंट कटिंग पर

# दिव्या अग्रवाल, चेतन हंसराज, कंगना शर्मा और जुबेर खान ने लॉन्च किए नए शोज़!



जब दमदार परफॉर्मेंस, बोल्ड कहानियां और नया फॉर्मेट एक साथ आते हैं तो कुछ खास जरूर होता है। कटिंग प्लेटफार्म अपने दर्शकों को ठीक ऐसा ही देने का वादा करता है। ये भारत का नया वर्टिकल कंटेंट सेगमेंट है जो दर्शकों के लिए लेकर आया है पांच तेज़-तर्रार, दिलचस्प और आज के दौर से जुड़ी कहानियां, जिसे लीड कर रहे हैं दिव्या अग्रवाल, चेतन हंसराज, कंगना शर्मा, जुबेर खान और सना सुल्तान जैसे पॉपुलर चेहरे।

अपने वायरल म्यूज़िक वीडियोज़ और बिग बॉस ओटीटी के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री सना सुल्तान अपने नए शो 'आशिक अरबपति' से अब एक्टिंग की दुनिया में पूरी तरह कदम रख रही हैं। सना ने कहा, 'रीना एक गहराई और सच्चाई से भरा किरदार है। कटिंग जैसे नए प्लेटफॉर्म पर एक्टिंग डेब्यू करना मेरे लिए बहुत खास है। ये कंटेंट आज के व्यूअर्स के लिए बना है और मुझे भरोसा है लोग इसकी कहानी से खुदको जोड़ पाएंगे।'

वहीं अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल कटिंग के पहले वर्टिकल शो 'इक्के पे इक्का – एक खेल' में नजर आएंगी जो एक इमोशनल थ्रिलर है। दिव्या कहती हैं, 'ममता का किरदार भावनात्मक भी है और अप्रत्याशित भी। कटिंग का वर्टिकल फॉर्मेट इस किरदार की यात्रा को और भी असरदार बनाता है।'

चेतन हंसराज ने केवल एक्टिंग ही नहीं की है, बल्कि 'काल नगरी' को लिखा और बनाया भी है जो भारत की पहली AI-चालित वेब सीरीज़ है। यह कहानी है एक उजड़ते शहर की, जहां सच्चाई और साइबर साजिशें एक-दूसरे से टकराती हैं। चेतन कहते हैं, 'इस कहानी में टेक्नोलॉजी और ड्रामा का बेहतरीन मेल है। कटिंग के फॉर्मेट ने हमें इसमें एक्सपेरिमेंट करने की पूरी भी आज़ादी दी।' अभिनेत्री जुबेर खान 'मनी है तो हनी है' शो लीड कर रहे हैं। इसमें लालच, महत्वाकांक्षा और विकल्पों के बीच उलझी जिंदगी की कहानी को बयां किया गया है। जुबेर ने कहा 'निर्माताओं के साथ मेरा जुड़ाव काफी पुराना है, क्योंकि मैंने पहले भी उनके साथ एक शो में काम किया है। जैसे-जैसे मनोरंजन की दुनिया बदली, मैं भी उसके साथ बदलता गया। पहले टीवी शोज़ के ज़रिए, फिर ALTT पर वेब सीरीज़ और अब 'कटिंग' के माध्यम से एक नई शुरुआत कर रहा हूँ। जो काम हम पहले टीवी और वेब सीरीज़ में करते थे, वही अब हम एक सीमित समय-सीमा में 'कटिंग' पर कर रहे हैं। यह बिलकुल नया मंच है और एक अभिनेता के रूप में मैं इसका भरपूर आनंद ले रहा हूँ। मेरा मानना है कि जब एक कलाकार अपने काम का आनंद लेता है, तो दर्शक भी आसानी से इससे अपना जुड़ाव महसूस करते हैं।'

अपने एनर्जेटिक रोल्स के लिए जानी जाने वाली कंगना शर्मा भी कटिंग के साथ एक दिलचस्प ड्रामा शो में नज़र आएंगी। कंगना कहती हैं 'आज के दर्शक तेज़ और स्ट्रेट-टू-द-पॉइंट स्टोरीज़ चाहते हैं और कटिंग वही डिलीवर करता है। मुझे खुशी है कि मैं इस नए प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनी हूं।' शॉर्ट-फॉर्मेट स्टोरीटेलिंग की बढ़ती लोकप्रियता के बीच कटिंग एक नया अनुभव लेकर आया है जहां हर स्क्रॉल पर मिलेगा वर्टिकल ड्रामा, थ्रिल और इमोशन का अनोखा मेल। चाहे आप मीटिंग्स के बीच हों, लंच ब्रेक पर हों या दिन के अंत में थोड़ा रिलैक्स करना चाह रहे हों कटिंग पर हर बार कुछ नया देखने को मिलेगा।

# ऐश्वर्या के सिर चढ़ा अभिषेक के प्यार का खुमार, आराध्या संग शेयर किया वीडियो

## लोगों को आई जूनियर बच्चन की याद





बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा ऐश्वर्या राय ने इस साल भी कान्स में रंग जमा दिया। वो दो अलग-अलग अवतार में नजर आईं और दोनों में ही छा गईं। उनका साड़ी-सिंदूर लुक काफी चर्चा में रहा और कई अटकलों पर भी उसने विराम लगा दिया। इसके अलावा वो ब्लैक हॉलीवुड स्टाइल गाउन देसी तड़का लगा के छा गईं। अब कान्स खत्म होने के बाद एक्ट्रेस ने फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी के बीटीएस वीडियो साझा किए हैं। इन झलकियों में उनका साड़ी वाला खास अंदाज देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें रेड कार्पेट पर उनके पहले लुक की तैयारी दिखाई गई है। इस लुक में उन्होंने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई खूबसूरत सफेद साड़ी पहनी थी और सिंदूर लगाकर एक पारंपरिक अंदाज में नजर आईं। वीडियो में ऐश्वर्या हैवी एम्ब्रॉइडरी वर्क और डिजाइन वाली सफेद साड़ी और 500 कैरेट का रूबी नेकलेस पहने हुए बेहद आकर्षक अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। इसमें मनीष मल्होत्रा को उनके आउटफिट पर काम करते हुए भी दिखाया गया है, जिससे यह पता चलता है कि इस लुक को तैयार करने में कितनी बारीकी और मेहनत लगी। ऐश्वर्या को रेड कार्पेट पर जाने से ठीक पहले मनीष और अपनी बेटी आराध्या के साथ पोज करते हुए भी देखा जा सकता है। यह वीडियो उन्होंने अपनी और अभिषेक बच्चन की 2007 की फिल्म 'गुरु' के गाने 'तेरे बिना बेसुआदी बेसुआदी रतियां' के साथ साझा किया है। वही फिल्म जिसके न्यूयॉर्क प्रीमियर के बाद अभिषेक ने उन्हें प्रपोज किया था। ऐश्वर्या के इस लुक ने तब खूब सुर्खियां बटोरीं जब वे सिंदूर लगाए रेड कार्पेट पर पहुंचीं। वीडियो सामने आते ही ऐश्वर्या के फैंस में उत्साह की लहर दौड़ गई। एक ने लिखा, 'क्या देवी जैसी लगती हैं।' तो दूसरे ने कहा, 'कान्स की रानी।' एक और फैन ने प्रतिक्रिया दी, 'सिंदूर एक सशक्त संदेश है, मुझे यह बहुत पसंद आया।' वहीं एक अन्य ने लिखा, 'ऐसा लगता है जैसे कविता चलती हुई देख रहा हूं-अवास्तविक, शांत और शाश्वत रूप से सुंदर।' वहीं इस वीडियो को देखने के बाद कई लोगों को अभिषेक बच्चन की याग आ गई और गाने को सुनते ही लिखा, 'ऐश्वर्या आज भी प्यार में हैं।'

### 20 साल पहले चोर-चोरनी बनकर छा गए थे अभिषेक-रानी

2005 में यश चोपड़ा की कंपनी ने एक फिल्म बनाई जिसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में चोर और चोरनी की कहानी को दिखाया गया था जो अपने फेल करियर से दुखी होते हैं, लेकिन जल्दी अमीर बनने के लिए वो कुछ भी करने को तैयार होते हैं। जिस फिल्म का हम जिक्र कर रहे उसका नाम 'बंटी और बबली' है। जिसमें अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म बंटी और बबली के गाने, कहानी और डायलॉग्स इतने पसंद किये गए कि जब इसका सीक्वल बना तो उसमें भी लोग पहले वाली फिल्म की कहानी को ढूंढने लगे थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई कितनी की थी, फिल्म को ओटीटी पर कहां देख सकते हैं और फिल्म की बेसिक कहानी क्या थी, आइए जानते हैं। 27 मई 2005 को रिलीज हुई फिल्म बंटी और बबली का निर्देशन शाद अली ने किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा थे जिसे उनकी कंपनी यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया था। फिल्म का म्यूजिक शंकर-एहसान-लॉय ने बनाया था। फिल्म में अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी ने बंटी-बबली का रोल प्ले किया था। वहीं फिल्म के सेकेंड हाफ में अमिताभ बच्चन भी पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आए थे और ऐश्वर्या राय का आइटम सॉन्ग था। अगर कमाई की बात करें तो Sacnilk के मुताबिक, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 62.93 करोड़ था जबकि फिल्म का बजट 12 करोड़ रुपये था। फिल्म का वर्डिक्ट सुपरहिट था और आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं। फिल्म बंटी और बबली में लगभग 16 गाने थे जिसमें से 'धड़क-धड़क', 'चुप चुप के', 'नच बलिये', 'कजरारे कजरारे' और बंटी-बबली टाइटल ट्रैक जैसे गाने जबरदस्त हिट हुए थे। फिल्म में दिखाया गया कि दो छोटे कस्बे का एक लड़का और एक लड़की अपनी-अपनी लाइफ में हारे हैं। वो लाइफ में कुछ कर नहीं पाते लेकिन दोनों के सपने बड़े होते हैं।

# आरसीबी 9 साल बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची

## सॉल्ट-हेजलवुड और सुयश शर्मा ने पंजाब को रौंदा

एजेंसी ● मुहाली

आरसीबी की टीम ने आईपीएल 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने क्वालीफायर-1 में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से शिकस्त दी है। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार का हर दांव सही गया। इस मैच में उन्होंने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद आरसीबी के बॉलर्स के आगे पंजाब के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और पूरी टीम सिर्फ 101 रनों पर सिमट गई। आरसीबी ने इस टारगेट को आसानी से 10 ओवर्स में ही हासिल कर लिया।

आरसीबी की टीम ने आईपीएल के फाइनल में चौथी बार जगह बनाई है। इससे पहले टीम ने 2009, 2011 और 2016 के आईपीएल फाइनल खेले थे, लेकिन तीनों में ही टीम को हार मिली थी। अब आरसीबी की टीम 9 साल बाद फिर फाइनल में पहुंची है और इससे सभी की उम्मीदें बंध गई हैं कि यह टीम खिताब जीत सकती है। मौजूदा सीजन में रजत पाटीदार की कप्तानी में टीम ने प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर रहते हुए प्लेऑफ में जगह बनाई थी।

फिल साल्ट ने लगाया अर्धशतक

छोटे टारगेट का पीछा करने उतरी आरसीबी की टीम के लिए बल्लेबाजों ने हड़बड़ी नहीं दिखाई। विराट कोहली 12 रन और मयंक अग्रवाल 19 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन फिल साल्ट क्रीज पर टिके रहे और उन्होंने अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिला दी। पंजाब के सभी गेंदबाज बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए और असर डालने में कामयाब नहीं हुए। साल्ट ने मैच में 56 रनों की पारी खेली। कप्तान पाटीदार ने छक्का जड़कर टीम को फाइनल में पहुंचाया है। उन्होंने कुल 15 रन बनाए।



### आरसीबी के गेंदबाजों ने बरपाया कहर

मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। टीम के लिए सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच पाए। इनमें मार्कस स्टोइनिस (26 रन), अजमतुल्लाह उमरजई (18 रन) और प्रभसिमरन सिंह (18 रन) शामिल रहे। बाकी के खिलाड़ी रन बनाना तो दूर, क्रीज पर टिकने के लिए तरसते रहे। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन की वजह से ही टीम पूरे 20 ओवर्स नहीं खेल पाई और सिर्फ 101 रनों पर सिमट गई। आरसीबी की टीम के लिए सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड और यश दयाल सबसे बड़े हीरो साबित हुए। इन गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स के प्लेयर्स को खुलकर स्ट्रोक लगाने का कोई मौका नहीं दिया। सुयश और हेजलवुड ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए।

### आरसीबी रिकॉर्डतोड़ जीत के साथ फाइनल में

आईपीएल इतिहास में पहली बार किसी टीम ने इतनी बड़ी जीत दर्ज की है. आरसीबी ने सिर्फ 10 ओवर में पहला क्वालिफायर जीत लिया. ये गेंदों के लिहाज से प्लेऑफ में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है. आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी. मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर आरसीबी के लिए ये फैसला निर्णायक साबित हुआ क्योंकि दूसरे ओवर से ही पंजाब की टीम बड़ी मुसीबत में पड़ गई. मैच की 8वीं गेंद पर प्रियांश आर्या को यश दयाल ने आउट किया. अगले ओवर में प्रभसिमरन सिंह को भुवनेश्वर कुमार ने निपटा दिया. इसके बाद हेजलवुड ने पंजाब किंग्स की कमर ही तोड़ दी. वो जॉश इंग्लिश और श्रेयस अय्यर के विकेट ले गए. रही सही कसर यश दयाल ने नेहाल वढेरा को आउट कर पूरी कर दी. पंजाब ने आधी टीम सिर्फ 50 रनों पर गंवा दी. पंजाब के मिडिल ऑर्डर को सुयश शर्मा ने तबाह कर दिया, जिन्होंने शशांक सिंह, मार्कस स्टोयनिस और मुशीर खान को निपटा दिया.देखते ही देखते पंजाब की टीम 101 रन ही बना सकी और ये स्कोर इतना छोटा था कि आरसीबी को जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई.

# द. अफ्रीका -बांग्लादेश के खिलाड़ी भिड़े, मैदान पर ही शुरू हुई हाथापाई

## अंपायर ने इस तरह किया बीच बचाव

एजेंसी ● ढाका

रिपोन ने शुरू में एंतुली की गेंद पर छक्का जड़ा था। इसके बाद एंतुली से उनकी कोल्ड वॉर शुरू हुई। दोनों काफी देर तक एक दूसरे को घूरते दिखे। हालांकि, इसके बाद जैसे ही रिपोन नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े अपने साथी की ओर बढ़े, एंतुली ने बांग्लादेशी बल्लेबाज को कुछ कहना शुरू किया। इसके बाद दोनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई और मामला बिगड़ गया।ढाका में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच एमर्जिंग टीम के चार दिवसीय मैच के दौरान मैदान पर ही हाथापाई शुरू हो गई।

बांग्लादेश के बल्लेबाज और दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज के बीच भिड़ंत फिर बद से बदतर हो गई और दोनों एक दूसरे पर हाथ उठाते दिखे। हालांकि, अंत में अंपायर और बाकी खिलाड़ियों ने बीच बचाव कर दोनों को अलग किया। यह घटना बांग्लादेश के 22 वर्षीय बल्लेबाज रिपोन मंडल और 29 वर्षीय दक्षिण



अफ्रीकी तेज गेंदबाज शेपो एंतुली के बीच बहस के बाद शुरू हुई। इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन दोनों खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। इस मामले में अंपायर जल्द ही एक आधिकारिक रिपोर्ट दायर कर सकते हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रिपोन ने शुरू में एंतुली की गेंद पर छक्का जड़ा था। इसके बाद एंतुली से उनकी कोल्ड वॉर शुरू हुई। दोनों काफी देर तक एक दूसरे को घूरते दिखे। हालांकि, इसके बाद जैसे ही रिपोन नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े अपने साथी की ओर बढ़े, एंतुली ने बांग्लादेशी बल्लेबाज को कुछ कहना शुरू किया। इसके बाद दोनों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई और फिर लड़ाई गंभीर हो गई। हाथापाई हुई एंतुली ने रिपोन के हेलमेट खींचने की कोशिश की। इस पर रिपोन ने बल्ला दिखाया। अंपायर कमरुज्जमान ने एंतुली को रोकने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद एंतुली ने कई मौकों पर रिपोन का हेलमेट खींचा। फिर बाकी खिलाड़ी आए और उन्होंने दोनों को दूर किया।यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर बहस हुई और क्या बातचीत हुई।

इस घटना के तीन गेंद बाद, एंतुली ने फॉलो थ्रू में गेंद रोकने के बाद गेंद को रिपोन की ओर फेंका, जिसे बांग्लादेशी बल्लेबाजी ने रोक दिया। ईएसपी एनक्रिकइंफो ने मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे नाबिल कैसर के हवाले से कहा, 'यह अस्वीकार्य है। आम तौर पर हम क्रिकेट के मैदान पर मौखिक तकरार देखते हैं और इस तरह धक्का मुक्की नहीं देखते। एंतुली ने रिपोन के हेलमेट को पकड़कर उन्हें खींचने की भी कोशिश की।' रिपोर्ट के मुताबिक, मैच रेफरी आधिकारिक कार्रवाई करने से पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए), दोनों को घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

# भारतीय टीम की कप्तानी करना चाहते हैं रवींद्र जडेजा, कहा- भूमिका के बारे में बखूबी जानता हूं

एजेंसी ● मुंबई

भारत के दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने के इच्छुक हैं। भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो, लेकिन उन्होंने कहा कि वह एक दिन टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे क्योंकि अपने लंबे करियर में अलग अलग कप्तानों के साथ खेलकर वह इस भूमिका को बखूबी समझ गए हैं।इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया, जबकि ऋषभ पंत उपकप्तान होंगे। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं? यह पूछे जाने पर 36 साल के जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, बिल्कुल।



इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं।'भारत के लिए 2012 में पहला टेस्ट खेलने वाले जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में डेब्यू किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेले। जडेजा ने कहा, 'हर कप्तान की अपनी शैली होती है। मैंने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है और उनकी सोच बिल्कुल सरल है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगाएंगे।'

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'हम रविंद्र जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिए तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिये किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नए व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए।' जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक कठिन है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं।' उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है । इसमें ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी होती । यह आईपीएल या टी20 की तरह पेचीदा नहीं है, जहां हर गेंद अहम होती है।'

# 'भारत के खिलाफ सीरीज क्राउली और पोप की असली परीक्षा', दिग्गज ज्योफ्री बॉयकॉट का बयान

एजेंसी ● ढाका

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट इस बात से सहमत नहीं हैं कि जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाने के बावजूद इंग्लैंड के जैक क्राउली और ओली पोप अपनी ह्यतकनीकी और मानसिक समस्याओंह्व से उबर चुके हैं और उनका मानना है कि उन्हें असली चुनौती अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में मिलेगी।क्राउली के लिए पिछले कुछ महीने काफी कठिन रहे हैं। न्यूजीलैंड में वे संघर्ष करते रहे, जहां उनका औसत नौ से कम रहा और वे सभी छह पारियों में मैट हेनरी के हाथों आउट हुए। पोप के लिए भी 2024 उतार-चढ़ाव भरा रहा। हैदराबाद में भारत के खिलाफ



पहले टेस्ट में 196 रन की शानदार पारी खेलने के बाद उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा।

बॉयकॉट ने डेली टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा, 'हम अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंच सकते हैं कि क्राउली और पोप ने अपनी तकनीकी और मानसिक समस्याओं को सुलझा लिया है, जो उनके करियर को प्रभावित कर रही थीं, क्योंकि जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बहुत औसत दर्जे की थी।' इंग्लैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाजों क्राउली, बेन डकेट और पोप ने शतक लगाए, जिससे मेजबान टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी पारी छह विकेट पर 565 रन बनाकर समाप्त घोषित की। इंग्लैंड ने यह एकमात्र टेस्ट मैच पारी और 45 रन से जीता था।

### 20 जून से भारत-इंग्लैंड सीरीज

बॉयकॉट ने कहा, 'वे मध्यम गति के गेंदबाज थे, जो क्राउली और पोप की बल्लेबाजी में किसी भी तरह की खामी को उजागर करने के लिए पर्याप्त अच्छे नहीं थे। हमें भारत के खिलाफ सीरीज तक इंतजार करना होगा, ताकि यह देखा जा सके कि बेहतर गेंदबाजों के खिलाफ वास्तव में कोई सुधार हुआ है या नहीं। यह उनके लिए असली परीक्षा होगी और इससे हम बेहतर आकलन कर सकते हैं कि वह अभी किस स्थिति में हैं।' भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इंग्लैंड को इसके बाद एशेज सीरीज खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जिसका पहला मैच 21 नवंबर को शुरू होगा।



पोलैंड के व्रोकला में रियल बेटिस और चेल्सी के बीच यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग के फाइनल फुटबॉल मैच के बाद चेल्सी के रीस जेम्स ने ट्रॉफी उठाई।

# इंग्लैंड की परिस्थितियों को समझने उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ● कैंटरबरी

भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच शुक्रवार से चार दिवसीय पहला अनधिकृत टेस्ट मैच खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय युवा खिलाड़ियों के लिए वहां की परिस्थितियों को समझने का यह अच्छा मौका होगा। भारत ए के नौ खिलाड़ियों को सीनियर टीम में भी जगह मिली है और वह इस मौके का फायदा उठाते हुए अपना दम दिखाने उतरेंगे। भारत ए टीम में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इनके अलावा टीम में अभिमन्यु ईश्वरन, ध्रुव जुरेल, करुण नायर, तेज गेंदबाज आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर भी हैं। करुण को छोड़कर बाकी सभी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है। ईश्वरन की बात करें तो रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद भारत को जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत के लिये एक बल्लेबाज चाहिए। इसके साथ ही विराट कोहली के संन्यास के बाद चौथे नंबर के लिए भी बल्लेबाज चाहिए।ईश्वरन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 101 मैचों में पारी का आगाज कर चुके हैं। वह कई मौकों पर पहले



भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के करीब पहुंचे लेकिन चूक गए, अब रोहित के संन्यास के बाद वह सलामी बल्लेबाज या तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह बना सकते हैं । चयनकर्ता अगर केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज की भूमिका देते हैं तो वह तीसरे नंबर पर और नए कप्तान शुभमन गिल चौथे नंबर पर उतर सकते हैं। करुण भी आठ साल बाद भारतीय टीम में लौटे हैं जिन्होंने 2023-24 सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए हैं। इंग्लैंड में नॉर्थम्पटनशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेल चुके करुण को इंग्लैंड के हालात का अच्छा अनुभव है। नीतीश रेड्डी ने 2024-25 के आस्ट्रेलिया दौरे पर पांच टेस्ट में एक शतक समेत 298 रन बनाए। भारत ए टीम और टेस्ट टीम में ठाकुर के चयन से साबित है कि टीम प्रबंधन गेंदबाजी में और आक्रामकता चाहता है। ऐसे में ठाकुर अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। टेस्ट टीम में शामिल जुरेल और एक बार फिर उपेक्षा का शिकार हुए सरफराज खान खुद को तैयार रखेंगे ताकि अगर मौका मिलता है तो वे इसे भुना सकें।

इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें इस प्रकार है...भारत एः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे। इंग्लैंड लायंसः जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, रेहान अहमद, सोनी बेकर, जोर्डन कॉक्स, रॉकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, जोश हुल, एडी जैक, बेन मैकिनी, डान माउसली, अजीत सिंह डेल, क्रिस वोक्स , मैक्स होल्डन।

# इस साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका की 'ए' टीम, बीसीसीआई ने तारीखों का एलान किया

एजेंसी ● मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को दो देशों के भारतीय दौरे की तारीखों का एलान किया। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम जहां सितंबर में भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। वहीं, सितंबर-अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया की पुरुष ए टीम भारतीय-ए टीम के खिलाफ चार दिवसीय और सीमित ओवरों के मैच खेलेगी।

इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की ए टीम अक्तूबर-नवंबर में भारत का दौरा करेगी। भारतीय-ए टीम ऑस्ट्रेलिया-ए और दक्षिण अफ्रीका-ए के खिलाफ कुल मिलाकर 10 मैच खेलेगी। इसमें चार बहुदिवसीय मैच और छह सीमित ओवरों के मैच शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी, जो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 से पहले महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में काम करेगी।

यह सीरीज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी।ऑस्ट्रेलियाई पुरुष ए टीम दो चार दिवसीय और तीन सीमित ओवरों के मैच की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी।दक्षिण अफ्रीका की पुरुष ए टीम भी बेंगलुरु में दो चार दिवसीय और तीन सीमित ओवरों के मैच की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगी। दो चार दिवसीय मैच बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जाएंगे, जबकि तीन वनडे मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाएंगे।




इजरायल हमास के बीच युद्ध के 600 दिन पूरे...

इज़राइल की राजधानी तेल अवीव में  इज़रायली लोग युद्ध के 600वें दिन को मनाने के लिए अमेरिकी दूतावास की इमारत के सामने इकट्ठा हुए। वे गाजा में युद्ध को समाप्त करने और 58 इजराइली बंधकों की वापसी की मांग कर रहे हैं।

## शॉट न्यूज

### गाजा में खाने के लिए भगदड़, 3 लोगों की मौत

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजराइली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची। वहीं इजराइल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजराइली फायरिंग के बाद हजारों फिलिस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा, राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है।

### नेतन्याहू बोले- हमास लीडर मोहम्मद सिनवार मारा गया

**गाजा।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि 14 मई को इजराइली आर्मी के हमले में हमास का सीनियर लीडर मोहम्मद सिनवार मारा गया है। मोहम्मद सिनवार का बड़ा भाई याह्या सिनवार हमास का हेड और अक्टूबर 2023 में इजराइल पर हुए हमलों का मास्टरमाइंड था। उसकी पिछले साल इजराइली हमले में मौत हो गई थी। इजराइली संसद में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा कि मोहम्मद सिनवार उन लोगों की लिस्ट में शामिल था जिन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में हमला किया था। तब इजराइली फाइटर जेट्स ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पर यूरोपियन हॉस्पिटल के नीचे एक सुरंग में हवाई हमला किया। इस सुरंग में मोहम्मद सिनवार के होने की आशंका थी। हालांकि मोहम्मद सिनवार के मौत से जुड़ी कोई फोटो सामने नहीं आई थी।

ऐसा फैसला लेने वाला अमेरिका दुनिया का पहला देश, नहीं देगा वीजा

# अमेरिकियों की पोस्ट सेंसर करने वालों पर बैन

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिकी सरकार ने उन लोगों का वीजा बैन करने की ऐलान किया है जो अमेरिकी टेक कंपनियों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिकी लोगों की पोस्ट को सेंसर करते हैं। यह फैसला लेने वाला अमेरिका पहला देश है। विदेश मंत्री मार्को रुबिया ने कहा- अगर किसी विदेशी अधिकारी ने अपने देश में अमेरिकी लोगों को गिरफ्तारी या अन्य सजा की धमकी देकर पोस्ट सेंसर की तो यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन विदेशी अधिकारियों पर वीजा बैन लगाया जाएगा जो अमेरिकी टेक प्लेटफॉर्म्स पर कंटेट हटाने या कंट्रोल करने की मांग करते हैं। रुबियो ने कहा- यह स्वीकार्य नहीं है कि विदेशी अधिकारी अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ उनके सोशल मीडिया पोस्ट के लिए गिरफ्तारी की धमकी दें। हालांकि इस बयान में किसी खास देश या अधिकारी नाम नहीं लिया गया। रुबियो ने कहा कि कुछ विदेशी नागरिकों ने आधिकारिक पद पर रहते हुए, अमेरिकी टेक कंपनियों और अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ 'सेंसरशिप' की कार्रवाई की है, जबकि उन्हें ऐसा करने का अधिकार नहीं था।

00000



### दुनिया की ज्यादातर सोशल मीडिया कंपनियां अमेरिकी

दुनिया भर में इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अमेरिकी टेक कंपनियों के हैं। एक्स कंपनी के मालिक इलॉन मस्क हैं, फेसबुक और मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग हैं, जबकि यूट्यूब और गूगल भी अमेरिकी कंपनी है। अमेरिका ने नया वीजा प्रतिबंध तब लागू किया है, जब कई यूरोपीय और एशियाई देशों ने अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। इन देशों ने सोशल मीडिया कंटेंट हटाने के लिए नोटिस जारी किए और सजा भी सुनाई।

### रुबियो बोले- विदेशी लोगों को पोस्ट सेंसर का अधिकार नहीं

रुबियो ने कहा-नया वीजा बैन उन विदेशी नागरिकों पर लागू होगा जो अमेरिका में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सेंसर करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई अमेरिकी नागरिक अमेरिकी धरती से कोई पोस्ट करता है, तो किसी देश या उसके अधिकारियों को यह मांग करने का अधिकार नहीं है कि वह पोस्ट हटाई जाए, भले ही वह उन्हें आपत्तिजनक या अपमानजनक लगे।

### चुन-चुनकर चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेंगे

अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने चीन के छात्रों पर सीधा निशाना साधा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऐलान किया है कि चीनी छात्रों के वीजा अब आक्रामक तरीके से रद्द किए जाएंगे। इस फैसले को लेकर शिक्षा जगत में हलचल है, क्योंकि यह सीधे-सीधे अमेरिका में पढ़ने आए हज़ारों विदेशी छात्रों को प्रभावित कर सकता है।अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि सरकार आक्रामक तरीके से चीनी छात्रों के वीजा रद्द करेगी।

## फ्रांसीसी डॉक्टर ने 299 बच्चों से किया रेप, 20 साल की सजा

**पेरिस ● एजेंसी**

फ्रांस के ब्रिटनी रीजन की एक क्रिमिनल कोर्ट ने एक पूर्व डॉक्टर को 299 बच्चों के यौन शोषण और बलात्कार का दोषी ठहराया। इस आरोपी डॉक्टर को 20 साल की सजा सुनाई गई। यह फ्रांस के इतिहास में बच्चों के यौन शोषण का सबसे बड़ा मामला है। इस केस की सुनवाई फरवरी 2025 से चल रही थी। 74 साल का आरोपी डॉक्टर जोएल ले स्कॉरनेक पहले एक गैस्ट्रिक सर्जन था। उसने 1989 से 2014 तक फ्रांस के 9 क्लिनिक और हॉस्पिटल में काम करते हुए सैकड़ों बच्चों का यौन शोषण और बलात्कार किया। इस खबर के सामने आने के बाद 2 पीड़ितों ने तनाव में आत्महत्या कर ली। जिस वक्त इन घटनाओं को अंजाम दिया गया कई पीड़ित बेहोश थे या दवा के असर में



ऑपरेशन से उबर रहे थे। इसलिए उन्हें कुछ याद नहीं था। आरोपी ने सबसे पहले 1985 में अपनी 5 साल की भतीजी का यौन शोषण किया था। आरोपी डॉक्टर अपनी दो भतीजी समेत 4 बच्चों के साथ बलात्कार के मामले में पहले से 15 साल की सजा काट रहा है। उसे इस केस में 2020 में सजा सुनाई गई थी।  इस पूरे मामले का खुलासा 2017 में तब हुआ जब पुलिस ने ले स्कॉरनेक के घर की तलाशी ली।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुटनों पर पाक

# पाक पीएम ने जताई भारत से बातचीत की इच्छा

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि वह भारत के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को मिलकर कश्मीर, पानी और आतंकवाद जैसे मुद्दों को हल करना चाहिए। शरीफ ने यह बात अजरबैजान के लाचिन में पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान त्रिपक्षीय समिट में कही। यह एक हफ्ते में दूसरी बार है जब पाकिस्तानी पीएम ने भारत से बातचीत की इच्छा जताई है। इससे पहले उन्होंने  ईरान दौरे पर भी भारत से बातचीत की इच्छा जताई थी। शरीफ 25 से 30 मई तक चार देशों के दौरे पर हैं। इससे पहले वो तुर्किये और ईरान जा चुके हैं। आज वो ताजिकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वो राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी शामिल होंगे। शरीफ ने अजरबैजान के लाचिन में कहा- हमें शांति के लिए एक साथ बैठकर बात करनी चाहिए। कुछ मुद्दों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है और इन्हें बातचीत से हल करना होगा। उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के मुताबिक हल होना चाहिए। हालांकि भारत पहले ही साफ कर चुका है कि वह पाकिस्तान से सिर्फ पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा।



### सिंधु जल संधि स्थगित करने का विरोध किया

शरीफ ने आगे कहा- अगर भारत आतंकवाद के खिलाफ ईमानदारी से बात करना चाहता है, तो पाकिस्तान भी इसके लिए तैयार है। उन्होंने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरु करने की इच्छा भी जताई। उन्होंने पाकिस्तान को दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा शिकार बताया। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान में पिछले कई दशकों में आतंकवाद से 90,000 लोगों की जान गई है और 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। शरीफ ने भारत के सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के फैसले की आलोचना की और कहा भारत ने सिंधु जल संधि को हथियार बनाने की कोशिश की, जो पाकिस्तान के 24 करोड़ लोगों के लिए लाइफ लाइन है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।

**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)